बर्षः- 06
अंकः- 81
मुरादाबाद
(Saturday)
11 July 2026
पृष्ठः-8
मूल्यः- 3.00 रूपया

दैनिक
प्रातः कालीन

# क्यूँ न लिखूँ सच

राष्ट्रीय हिंदी अंग्रेजी समाचार पत्र
भारत सरकार से रजिस्टर्ड
RNI No.UPBIL/2021/83001
मुरादाबाद से प्रकाशित

प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, संभल, श्रावस्ती, अलीगढ और उत्तराखंड

## अयोध्या में सीएम योगी बोले- हनुमानगढ़ी मंदिर की सीढ़ियों पर नमाज पढ़ाने का पाप सपा-कांग्रेस ने किया



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अयोध्या के दौरे पर हैं। जहां पर उन्होंने 432 करोड़ की 217 परियोजनाओं का शुभारंभ किया और पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह की मूर्ति का अनावरण भी किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या दौरे में बीकापुर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए अयोध्या को 432 करोड़ की विकास परियोजनाओं की सौगात दी। इस मौके पर उन्होंने पूर्व मंत्री मुन्ना सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया। जनसभा को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने कहा कि लंबे समय तक अयोध्या विकास से दूर रही। सपा और कांग्रेस की सरकारों ने हनुमानगढ़ी में नमाज पढ़वाने का काम किया। क्या कभी दिल्ली की जामा मस्जिद में कोई हनुमान चालीसा पढ़ सकता है। सपा-कांग्रेस के लोगों ने ये पाप किया है।उन्होंने कहा कि अयोध्या आज विकास और समृद्धि के वैभव की ओर बढ़ रही है। अगर मंशा साफ हो तो विका अपने आप होता है। आज अयोध्या में दिख रहा है कि जब प्रभु श्रीराम की कृपा और हनुमान जी का आशीर्वाद हो तो अयोध्या के सारे काम अपने आप ही होते हैं। जो 500 साल में नहीं हुआ वो करके दिखाया- सीएम योगी ने कहा कि आज अयोध्या हवाईअड्डे के माध्यम से पूरे देश और दुनिया से जुड़ चुकी है।

अयोध्या की पहचान बदल गई है। पहले सरयू का जल दूषित रहता था पर कोई सफाई नहीं होती थी क्योंकि सपा-कांग्रेस के लोग अयोध्या को बदनाम करते थे अब डबल इंजन की सरकार में अयोध्या का विकास हो रहा है।

डबल इंजन की सरकारों ने बिना थके बिना रुके काम किया जिससे नगर की पहचान बदली। डबल इंजन की सरकारों ने अयोध्या में वो करके दिखाया है जो कि 500 साल में नहीं हो सका। अब अयोध्या विकास और विरासत के पथ पर आगे बढ़ रही है।दो नगर पंचायतों का नाम बदलने की घोषणाएं की- इस दौरान उन्होंने दो महत्वपूर्ण घोषणाएं करते हुए खिरौनी सोहावल नगर पंचायत का नाम मां ज्वाला देवी नगर पंचायत तथा भरतकुंड-भदरसा नगर पंचायत का नाम भरत नगर भरतकुंड किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने विकासखंड परिसर में स्थापित स्व मुन्ना सिंह की प्रतिमा का अनावरण भी किया। कार्यक्रम में विभिन्न सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र और प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को आवास की चाभियां सौंपीं।

## संक्षिप्त समाचार

### राम दान चोरीः हाथ में वॉकीटॉकी, हर जगह हनक, सिर्फ चालक ही नहीं, ट्रस्ट की व्यवस्थाओं का अहम चेहरा था टिन्नू

राम मंदिर चढ़ावा चोरी में एक और खुलासा हुआ है। मंदिर निर्माण से वीआईपी आयोजनों तक हर जगह टिन्नू की हनक रहती थी। टिन्नू यादव का आदेश वॉकीटॉकी पर चलता था। तस्वीरों और वीडियो ने सवाल बढ़ा दिए हैं।राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी रामशंकर यादव उर्फ टिन्नू यादव सिर्फ चालक ही नहीं था, बल्कि ट्रस्ट की व्यवस्था का अहम चेहरा बन गया था। मंदिर निर्माण से लेकर वीआईपी आयोजनों तक उसकी हर जगह मौजूदगी की तस्वीरें इसकी पुष्टि कर रही हैं। राम मंदिर की दान पेटिकाओं से चढ़ावा चोरी का मामला छह जून को सार्वजनिक हुआ था। बीते 26 जून को गणना कार्य में शामिल छह आरोपियों समेत आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इनमें ट्रस्ट के महासचिव रहे चंपत राय का चालक टिन्नू भी शामिल था। पुलिस के अलावा एसआईटी भी मामले की जांच कर रही है। इस बीच टिन्नू यादव से जुड़ी कुछ तस्वीरें और वीडियो सामने आए हैं, जिनसे उसकी भूमिका को लेकर तरह-तरह के सवाल उठ रहे हैं।अब तक उसे चंपत राय का चालक ही बताया जाता रहा लेकिन सामने आए दृश्य बताते हैं कि मंदिर निर्माण कार्यों से लेकर बड़े धार्मिक आयोजनों और वीआईपी कार्यक्रमों तक उसकी मौजूदगी रहती थी।फोटो और वीडियो में वह कभी मंदिर निर्माण की व्यवस्थाओं के बीच नजर आता है

## मुझे चुप कराने के लिए आपको मुझे मारना पड़ेगा, ममता की खुली चुनौती से बढ़ेगा सियासी पारा?



ममता बनर्जी के हाथ से सत्ता जा चुकी है और पार्टी बगावत से जूझ रही है, लेकिन टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी के तेवरों में कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने एक वीडियो संदेश जारी कर सत्ताधारी भाजपा को चुनौती दी है और कहा है कि अगर उन्हें चुप कराना है तो उन्हें मारकर ही ऐसा किया जा सकता है। आइए जानते हैं कि ममता बनर्जी ने वीडियो संदेश में और क्या-क्या बातें कही हैं।पश्चिम बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को एक वीडियो संदेश जारी किया। इस वीडियो संदेश में ममता बनर्जी ने भाजपा पर तीखा हमला बोला और सत्ताधारी दल पर टीएमसी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को निशाना बनाने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि अगर सत्तारूढ़ पार्टी उन्हें चुप कराना चाहती है या टीएमसी को खत्म करना चाहती है तो उसके लिए पहले उन्हें मुझे मारना होगा। ममता बनर्जी ने वीडियो संदेश में क्या-क्या आरोप लगाए?-वीडियो संदेश में ममता बनर्जी ने टीएमसी पार्टी में हो रही बगावत और टीएमसी नेताओं के कथित शोषण पर अपनी बात रखी। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा उनकी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं को डराने-धमकाने में लगी है। ममता बनर्जी ने कहा कि टीएमसी के कई नेताओं पर हमले हुए हैं और उनका अपमान किया गया है। इनमें महुआ मोइत्रा, अभिषेक बनर्जी और कल्याण बनर्जी जैसे वरिष्ठ नेता शामिल हैं।ममता बनर्जी ने कहा, आप ने किस पर हमला नहीं किया है? आपने महुआ, अभिषेक बनर्जी, कल्याण बनर्जी पर हमला किया। आपने मेरे घर पर हमला किया। ममता बनर्जी का यह वीडियो संदेश ऐसे समय आया है, जब टीएमसी पार्टी बड़ी चुनौतियों से निपट रही है। पार्टी में अंदरुनी मतभेद और बगावत उभरी है और पार्टी में टूट का खतरा है। बागी विधायक ऋतब्रत बनर्जी को करीब 60 विधायकों का समर्थन मिला हुआ है। ममता बनर्जी ने वीडियो संदेश में दावा किया कि उनके कई सहयोगियों से पुलिस हिरासत में अमानवीय व्यवहार किया गया। टीएमसी प्रमुख ने कहा, मेरे कई सहयोगी जेल में बंद हैं, उन्हें फर्श पर सोने को मजबूर किया जा रहा है। कुछ को कमर में रस्सियां और पैरों में हथकड़ियां डालकर घुमाया जा रहा है। कुछ के सिर मुंडवा दिए गए हैं। कईयों पर घिनौनी चीजें फेंकी गई हैं, जिनका जिक्र करना भी शर्मनाक है। तृणमूल कांग्रेस में टूट जारी- ममता बनर्जी का यह वीडियो संदेश ऐसे समय सामने आया है, जब उनकी पार्टी में लगातार टूट जारी है। गुरुवार को टीएमसी के तीन पूर्व सांसद भाजपा में शामिल हो गए। इनमें सुष्मिता देव, सुखेंदु शेखर राय और प्रकाश चिक बराइक का नाम शामिल है।

कोलकाता के साल्ट लेक स्थित भाजपा कार्यालय में तीनों नेताओं ने भाजपा की सदस्यता ली। गुरुवार को ममता बनर्जी ने एक बयान में बागी नेताओं को निशाने पर लिया था और उन पर पार्टी के साथ गद्दारी करने का आरोप लगाया। ममता बनर्जी ने कहा कि लोगों को उन टीएमसी नेताओं को माफ नहीं करना चाहिए, जो गद्दार हैं और भाजपा के साथ मिल गए हैं। दो नावों पर सवार होने की कोशिश न करें, अभी भी पीछे मुड़कर देखने और बर्बरता पर ध्यान देने की जरूरत है।

## बदलने नहीं देंगे डेमोग्राफी, अभेद्य होंगी सीमाएंः अमित शाह बोले-घुसपैठ, तस्करी और ड्रोन खतरे पर होगा प्रहार



अब भारत की सीमाओं पर घुसपैठ की हर कोशिश नाकाम होगी। गृह मंत्री अमित शाह ने सीमा सुरक्षा का नया ब्लूप्रिंट पेश करते हुए डेमोग्राफी मिशन, क्वाड्रैंगुलर सिक्योरिटी ग्रिड और भारत-म्यांमार सीमा पर 1,610 किमी लंबी बाड़ का एलान किया। सरकार का दावा है कि इससे घुसपैठ, तस्करी और सीमा पार से होने वाले खतरों पर प्रभावी लगाम लगेगी।देश की सीमाओं को और ज्यादा सुरक्षित बनाने के लिए केंद्र सरकार ने नई रणनीति का खाका सामने रखा है। नई दिल्ली में आयोजित लैंड बॉर्डर डिस्ट्रिक्ट्स सुपरिंटेंडेंट्स ऑफ पुलिस कॉन्फ्रेंस-2026 को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि अब सीमा सुरक्षा केवल चौकियों और जवानों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि तकनीक, स्थानीय आबादी, मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर और एकीकृत सुरक्षा व्यवस्था के जरिए बहुस्तरीय सुरक्षा कवच तैयार किया जा रहा है। केंद्रीय गृह मंत्री ने आगे कहा कि पहले समस्याओं का अस्थायी समाधान खोजा जाता था, लेकिन अब सरकार उनकी जड़ तक पहुंचकर स्थायी समाधान पर काम कर रही है। शाह ने दावा किया कि जम्मू-कश्मीर, पूर्वोत्तर और नक्सल प्रभावित इलाकों में सुरक्षा की स्थिति में बड़ा बदलाव इसी सोच का नतीजा है।घुसपैठ रोकने के लिए डेमोग्राफी मिशन पर जोर- गृह मंत्री ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में अस्वाभाविक जनसांख्यिकीय बदलाव राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती बन सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में शुरू किया गया डेमोग्राफी मिशन ऐसे बदलावों की निगरानी करेगा और उनके कारणों का अध्ययन करेगा। सीमा से जुड़े किसी भी संदिग्ध बदलाव की सूचना स्थानीय स्तर से लेकर शीर्ष स्तर तक तेजी से पहुंचाने की व्यवस्था बनाई जा रही है। डेमोग्राफी में किसी भी स्तर पर बदलाव नहीं होने देंगे।400% बढ़ा बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर- अमित शाह- अमित शाह ने कहा कि सरकार ने सीमावर्ती क्षेत्रों में बुनियादी ढांचे के विकास की गति तेज की है और बॉर्डर इंफ्रास्ट्रक्चर में करीब 400 प्रतिशत तक बढ़ोतरी की गई है। सड़कों, पुलों, संचार नेटवर्क और अन्य सुविधाओं को मजबूत किया जा रहा है ताकि सुरक्षा बलों की तैनाती और संचालन अधिक प्रभावी हो सके। लिहाज से मजबूत बनाना है।

## मायावती का कार्यकर्ताओं को संदेश, आंदोलनों के बजाय वोट की ताकत से हासिल करें राजनीतिक सत्ता



बहुजन समाज पार्टी प्रमुख ने दलित, पिछड़े और उपेक्षित वर्गों से भावनाओं में बहकर आंदोलन करने के बजाय संविधान और कानून के दायरे में रहकर अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ने की अपील की। उन्होंने कहा कि स्थायी समाधान राजनीतिक सत्ता हासिल करने और वोट की ताकत का संगठित उपयोग करने में है।बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने दलितों, पिछड़ों और अन्य उपेक्षित वर्गों से भावनाओं में बहकर सड़क पर उतरने के बजाय संविधान और कानून के दायरे में रहकर संघर्ष करने की अपील की है।

शुक्रवार को लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय में मीडिया को जारी बयान में उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर ने इन वर्गों को वोट की ताकत और संवैधानिक अधिकार दिए हैं। इसलिए राजनीतिक सत्ता की मास्टर चाबी अपने हाथ में लेना ही उनके दुखों का स्थायी समाधान है। न्याय न मिले तो सर्वोच्च न्यायालय तक जाना चाहिए- मायावती ने कहा कि किसी भी अत्याचार या अन्याय की स्थिति में कानून को हाथ में लेने के बजाय अदालत का सहारा लेना चाहिए।

यदि निचली अदालत से न्याय न मिले तो उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय तक जाना चाहिए। उन्होंने मेरठ, सहारनपुर, प्रयागराज और हरदोई सहित अन्य राज्यों की घटनाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़कों पर उतरने से समस्याओं का समाधान नहीं होता। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ संगठन और राजनीतिक दल अपने स्वार्थ के लिए पीड़ित वर्गों को भड़काकर आंदोलन कराते हैं और बाद में राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करते हैं। इससे पीड़ितों को न्याय मिलने के बजाय उनकी परेशानियां और बढ़ जाती हैं।मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की- बसपा प्रमुख ने कहा कि दलित, पिछड़े और अन्य उपेक्षित वर्गों को विधानसभा, लोकसभा और स्थानीय निकाय चुनावों के मद्देनजर विशेष रूप से सतर्क रहने की जरूरत है। उन्होंने लोगों से बाबा साहेब डॉ. आंबेडकर और गौतम बुद्ध के बताए शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक मार्ग पर चलने तथा एकजुट होकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की।

## चंद्रशेखर आजाद को टोल पर रोका, बोले-पुलिस की कार्रवाई गलत, दोषियों को जवाब देना होगा



मेरठ में चंद्रशेखर आजाद के दौरे को लेकर सिवाया और भूनी टोल प्लाजा पर भारी पुलिस बल तैनात किया गया है। हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने जा रहे नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने सिवाया टोल प्लाजा पर रोक दिया। मौके पर भारी पुलिस बल और बड़ी संख्या में समर्थक मौजूद रहे।मेरठ में आज दोपहर पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे आजाद समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद को पुलिस ने सिवाया टोल प्लाजा पर रोक दिया। टोल प्लाजा पर भारी पुलिस बल की मौजूदगी के बीच बड़ी संख्या में उनके समर्थक भी पहुंच गए, जिससे क्षेत्र में काफी देर तक हलचल बनी रही। इसके बाद चंद्रशेखर वहीं कार्यकर्ताओं को संबोधित करने लगे।सिवाया टोल पर भारी पुलिस बल, बैरिकेडिंग की गई चंद्रशेखर आजाद के मेरठ पहुंचने से पहले ही सिवाया टोल प्लाजा पर सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर टोल की कुछ लेन बंद कर दी हैं और केवल एक लेन से वाहनों का आवागमन कराया जा रहा है।मौके पर पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद हैं। कई थानों की पुलिस और त्वरित प्रतिक्रिया बल भी तैनात किया गया है। वहीं आजाद समाज पार्टी के बड़ी संख्या में कार्यकर्ता भी टोल प्लाजा पर पहुंच गए।सिवाया टोल पर रोके गए चंद्रशेखर आजाद- चंद्रशेखर आजाद जैसे ही मेरठ पहुंचे, पुलिस ने सिवाया टोल प्लाजा पर बैरिकेडिंग कर उनका काफिला रोक दिया। मौके पर पुलिस अधीक्षक देहात अभिजीत कुमार, पुलिस अधीक्षक यातायात राजेश कुमार श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी नगर बृजेश सिंह समेत कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर कई थानों की पुलिस और त्वरित प्रतिक्रिया बल भी तैनात किया गया। बोले- मैं सिर्फ पीड़ित परिवार से मिलने आया हूं- पुलिस द्वारा रोके जाने पर चंद्रशेखर आजाद ने कहा कि वह केवल हत्याकांड के पीड़ित परिवार से मिलने आए हैं। उन्होंने कहा कि उनका उद्देश्य परिवार का हालचाल जानना और उन्हें न्याय दिलाने की लड़ाई में साथ खड़ा होना है। इस दौरान उनके समर्थकों ने भी उन्हें आगे जाने देने की मांग की। पुलिस कार्रवाई पर उठाए सवाल, दे डाली आंदोलन की चेतावनी- नगीना सांसद चंद्रशेखर ने पुलिस कार्रवाई पर सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पुलिस का इस तरह लोगों को पीटना ठीक नहीं है और बहनों पर अत्याचार हुआ है। उन्होंने राज्य सरकार की आलोचना करते हुए कहा कि दोषियों और जिम्मेदार लोगों को जवाब देना होगा। साथ ही उन्होंने कहा कि आने वाले समय में इस मुद्दे को लेकर व्यापक आंदोलन किया जाएगा।समर्थकों की भीड़, सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी- चंद्रशेखर आजाद के मेरठ दौरे को देखते हुए सिवाया टोल के साथ-साथ आसपास के मार्गों पर भी सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी गई। बड़ी संख्या में आजाद समाज पार्टी और भीम आर्मी के कार्यकर्ता मौके पर पहुंच गए।

## संपादकीय Editorial

# War After the Ceasefire

The so-called ceasefire between the US and Iran lasted only 20-21 days. Finally, on July 8th, at 3-4 a.m., the US shocked Iran with a series of attacks on more than 80 Iranian targets. A wave of fear, instability, and potential attacks sent shockwaves through the Gulf countries. What had been hoping for normalcy was thrown into an unusual situation. The world was shaken. These attacks were undoubtedly unexpected and unplanned. In retaliation, Iran claimed to have launched ballistic missile and drone attacks against approximately 85 targets in Kuwait, Bahrain, Saudi Arabia, and Jordan. The US Navy's 5th Fleet in Bahrain was attacked. An American ship in the Gulf of Oman was also targeted and damaged. Power lines in Bahrain and Kuwait were attacked, plunging the region into darkness. The US military devastated three cities near Hormuz with airstrikes, while more than 10 others were bombed. Reports have emerged of the complete destruction of Iran's vital Bandar Abbas port, with numerous ships damaged. The attacks also claim to have destroyed more than 60 Iranian IRGC powerboats. US strikes targeted Iranian military installations, air defense systems, radar systems, command and control systems, and drone installations. Explosions also occurred near the Bushehr nuclear facility. Missiles were also fired at the Sirik port and the Qeshm Island oil installations. Eight Iranian soldiers were reportedly killed in the attacks. In short, Iran is being forced into another phase of the war. This is a war of arrogance and destruction. Not only the US, but Israel has also prepared to attack Iran. Prime Minister Netanyahu has made a new revelation that Iran possesses chemical weapons. The US leveled similar allegations against Iraq's then-dictator, President Saddam Hussein, alleging that Iraq possessed biological and chemical weapons, potentially leading to widespread destruction and death. However, nothing materialized, and Saddam was hanged. However, President Trump has declared that the ceasefire is over. He has labeled Iranians as crazy, deceitful, liars, vile, and cruel. He used these abusive words in English. What a low level the US President has stooped to! Trump believes that Iran's leadership is in the wrong hands, and that negotiating with them and hoping for a compromise is a "waste of time." President Trump has declared that he will no longer negotiate with Iran. "Iran should be prepared to face the devastation," he said. "We will turn Iran's coasts into a hell." Trump is so erratic and unstable that his statements cannot be trusted. However, after the ceasefire, his order and declaration of war, crude oil prices jumped 6%. Now, the price of oil has reached around $79 per barrel. Stock markets in almost every country in the world have crashed. Panic has erupted. The European Union has issued an advisory not to fly over the Iran-Iraq airspace until August 31st. Iran has announced the closure of the Strait of Hormuz again, prompting the US to reimpose a blockade. The sanctions on Iran, which were lifted immediately after the agreement's Memorandum of Understanding, have been reimposed as of July 7th. The exemptions granted by the US Treasury Department have been revoked, and licenses have been revoked. This is the fate of the peace agreement. Nearly 350 ships and tankers, carrying approximately 6,000 sailors, are stranded in Hormuz. Nine Indian ships, carrying 198 sailors, are also stranded. The Ministry of External Affairs has declared all of them "safe." The Indian currency, the rupee, has fallen by 63 paise to 95.59 against the dollar. These attacks have been carried out when Iran is mourning the death of its former Supreme Leader Khamenei. America carried out 150 attacks on Iran late last night.

# Why are we lagging behind in global football?

Discovering talent in football, too, should begin in schools. A dedicated period should be established to select players interested in football. India's football ranking is 138th globally. Even small countries participate in the FIFA World Cup. There's a need to nurture talent from the grassroots level. India has a population of over 1.4 billion, yet whenever global football is discussed, it's painful to see India's name missing. Not only the entire country, but the government as well, should introspect on this issue: why our players and teams haven't reached the global level in football? Why hasn't our country yet become capable of participating in global football competitions? It's surprising to see that even small countries like Paraguay, Curaçao, and Cape Verde are participating in the FIFA World Cup. Paraguay has a population of around 7 million, Cape Verde has 550,000, and Curacao has a population of 150,000. This means that even countries with populations comparable to cities or suburbs in India are participating in the FIFA World Cup. Meanwhile, are we merely spectators of the World Cup? The time has come for us to seriously focus on developing global-level football players. From this continent, we too can develop players like Lionel Messi, Ronaldo, Haaland, Neymar, and Mbappe, who are emerging like Diego Maradona and Pele, but this requires surveying villages and schools to identify talented players. We must provide them with all the necessary facilities, and only then will we be able to produce good football players. Why is India, one of the world's fastest-growing economies, lagging behind in football, despite the fact that there is no shortage of passion for football in this country? In Bengal, clubs like Mohun Bagan and East Bengal have been hosting football matches for years. The craze for football in Bengal is such that novels have been written about it. Renowned authors like Moti Nandi have written football-focused novels like "Striker" and "Stopper." This country, now immersed in the ocean of cricket, has a rich football history. However, in the latest FIFA rankings for June 2026, the Indian men's football team is ranked 138th in the world. This indicates that we still have a long and difficult journey ahead to stay on the global stage. The Indian team is struggling around 26th place in the Asian Football Confederation rankings. This situation is also worrying because if we slip even further, we may have to go through the difficult knockout stages instead of directly entering the 2030 World Cup qualifiers. It's not that our country hasn't produced international-level footballers. We all know the names of players like Sunil Chhetri, Baichung Bhutia, Chuni Goswami, IM Vijayan, PK Banerjee, and Gurpreet Singh Sandhu. Sunil Chhetri is India's most successful and greatest footballer ever. He has scored the most goals and played the most matches in international football. He is also known as Captain Fantastic. Baichung Bhutia is famous as the Sikkimese Sniper. Chuni Goswami won India a gold medal at the 1962 Asian Games. We need to make serious efforts to develop such world-class players. A football body should be established, similar to the Board of Control for Cricket in India. It should then launch a campaign to find football players in the country and promote those who appear talented. It should spend money on their training, but it must also ensure that the board does not fall prey to corruption. Football is a risky sport. Young people from affluent families do not often take up the sport, so we will have to go from village to village to find players. Just as the IPL is being held for cricket in this country, similar football competitions should be held. Under the Khelo India campaign, the All India Football Federation is now focusing on children aged eight to 12. Khelo India Centers across the country are working to nurture talent from the grassroots. It's difficult to predict when these results will be visible. Pressure should be put on India's major industrialists to promote football alongside cricket. If we pursue this goal with honesty and dedication, the country can produce great footballers in the future. We organize competitions to discover talent in various fields. To discover talent in football, we should start in schools. A dedicated period should be set aside and players interested in football should be selected. This ninety-minute game requires energy and agility, so children should be selected with this in mind. Undoubtedly, many children will emerge who are made for football. Such children should be selected and developed as footballers. vernment should invest in these activities. We should pursue this approach not only for football, but also for other sports like hockey.

# The State of Cities During the Rainy Season

This lack of accountability has worsened the condition of our cities. During the rainy season, cities become even more deplorable. Roads are submerged, sewers overflow. The first rains cause waterlogging and traffic jams in cities. Unorganized urban development and poor drainage are the main causes. The lack of accountability in municipal bodies exacerbates the problem. It's a matter of relief that the delayed monsoon has covered the entire country. In the past few days, the monsoon has reached parts of the country where its arrival was feared. However, it is also worrying to hear reports from many cities that people have suffered from waterlogging and traffic jams even during the first rains. It's understandable that heavy rainfall in a short period of time in a city will inevitably lead to some problems related to waterlogging, but what does it mean that even a moderate rainfall in many cities becomes a problem for people? It's disappointing that every year during the monsoon season, our cities, both large and small, are beset by numerous problems. Waterlogging on streets and major roads not only severely disrupts traffic but also leads to numerous accidents, both major and minor. Sometimes, these accidents even result in loss of life. There's no greater irony than the much-awaited rains becoming a source of trouble. This is primarily due to the lack of planned urban development, particularly the lack of proper stormwater drainage. Every year, before the arrival of the monsoon, reports surface that local bodies are taking steps to prevent waterlogging and cleaning drains. However, the first rains typically expose these claims. This is because municipal bodies don't perform their duties properly. Yet, municipal officials, councillors, mayors, etc., are never held accountable for rain-related problems. This lack of accountability has worsened the appearance of our cities. During the rainy season, cities become even more miserable, with roads submerged and sewers overflowing. Many problems arise during the monsoon season because roads and drains are poorly constructed. This often leads to the collapse of roads and even expressways. Cities that experience excessive waterlogging during the rainy season suffer financial losses worth hundreds of crores of rupees, yet permanent and concrete solutions to rain-related problems are still lacking. Corruption within municipal bodies is a major cause of this. Another major tragedy in our country is the substandard sewage and drainage systems. Even in newly developed areas, as cities expand, proper drainage measures are not implemented. This suggests that there is no such thing as systematic urban planning left in the country.

# Glorification of terrorists is unacceptable.

At one time, NCERT textbooks, among others, contained similar misleading narratives. They glorified tyrants like Aurangzeb, while revolutionary patriots like Bhagat Singh and Chandrashekhar Azad were labeled terrorists. Books glorifying terrorists and separatists were found in Jammu and Kashmir schools. The government withdrew the controversial books and suspended officials. Strict action was taken against anti-national writings, and other books were called for a review. In an interview, the notorious communist dictator Joseph Stalin said that education is a weapon whose effectiveness depends on who holds it and who it targets. Stalin's ideological predecessor, Vladimir Lenin, said, "Give me four years to teach children, and the seeds I have sown will never be uprooted." Such statements point to a dangerous threat that our country has been suffering from for hundreds of years. Through education, a narrative was created that led the nation and society down the path of destruction. The latest example of such a sinister conspiracy is the inclusion of material in selected books in Jammu and Kashmir that misleads youth and pushes them toward separatism, promotes terrorism, sows social unrest, and threatens India's sovereignty and integrity. This case concerns books selected for government school libraries under the central government-sponsored "Samagra Shiksha Yojana," whose content promotes separatism, terrorism, and anti-India sentiments. At the center of the controversy are two books titled "Personalities and Legends of J&K" and "Great Personalities of Jammu and Kashmir." Published by Oberoi Books Service, these books portray anti-national elements such as terrorist Maqbool Bhatt, separatist Syed Ali Shah Geelani, Shabir Ahmad Shah, Masrat Alam, Mirwaiz Umar Farooq, and Maulvi Farooq as great figures of Jammu and Kashmir, while portraying India in a dangerously negative light. While the notorious terrorist Maqbool Bhatt was hailed as a "great revolutionary," those who challenged India's sovereignty over Jammu and Kashmir and advocated for its merger with Pakistan were glorified. Even a notorious international terrorist like Hafiz Saeed received praise. India was even called "an occupier and oppressive state." The reality is quite the opposite: Pakistan not only illegally occupied a portion of Jammu and Kashmir but also continues to oppress the people of this enslaved Jammu and Kashmir, forcing them to look to India for help. It is good that, as soon as the controversy surfaced, the Jammu and Kashmir government ordered the immediate withdrawal of both books. Eight officials have been suspended, and the authors and publishers of both books have been blacklisted. A high-level inquiry has been launched to investigate the matter, but the developments have raised many questions. One is: who were the members of the expert committee that recommended the purchase of such books? Also, who constituted the expert committee to approve the books?

## मुरादाबाद में भारी बारिश का अलर्ट, 12वीं तक के स्कूल बंद, शहर के कई इलाकों में भारी जलभराव



मुरादाबाद में शुक्रवार को भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। जिसे देखते हुए प्रशासन ने जिले के 12वीं तक सभी स्कूलों में 10 जुलाई को अवकाश घोषित कर दिया है। वहीं बृस्पतिवार को सुबह से शाम तक रुक-रुक कर बारिश होती रही।

शाम तक पांच बजे जिले में 769.5 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई। भारत मौसम विज्ञान विभाग, मौसम केंद्र लखनऊ की ओर से शुक्रवार को भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के आपदा विशेषज्ञ प्रदीप कुमार के मुताबिक शुक्रवार को 24 घंटे के दौरान भारी बारिश की चेतावनी है। तेज हवा भी चलेगी।

इसकी रफ्तार 40-60 किमी/घंटे रहेगी। इसलिए मुरादाबाद रेड अलर्ट की सूची में है। इसके अलावा अमरोहा, बदायूं, बरेली, बिजनौर, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर और संभल में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। बृहस्पतिवार को शाम पांच बजे तक जिले में कुल 679.5 एमएम बारिश हुई।इसमें ठाकुरद्वारा तहसील क्षेत्र में सबसे अधिक 286.5 एमएम, कांठ क्षेत्र में 216.5, मुरादाबाद में 205.5 और बिलारी तहसील क्षेत्र में सबसे कम 61 एममए बारिश रिकॉर्ड की गई। डीएम डॉ. राजेंद्र पैंसिया ने बताया कि बारिश को देखते हुए शुक्रवार को 12वीं तक के सभी स्कूलों में अवकाश घोषित कर दिया गया है।

## माटीकला योजना से संवरा जीवन, खड़ा किया कुल्हड़ का कारोबार




उत्तर प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना पारंपरिक कारीगरों के लिए वरदान साबित हो रही है। रामपुर के बड़ा गांव चौराहा निवासी भूरा हुसैन इस योजना के तहत 7.5 लाख रुपये का ऋण लेकर कुल्हड़ निर्माण की एक बड़ी यूनिट चला रहे हैं। इस यूनिट में वह 10 अत्याधुनिक मशीनों और एक टनल के जरिए रोजाना 8 से 10 हजार कुल्हड़ तैयार कर रहे हैं। इससे न केवल उनकी मासिक आय 1 से 1.5 लाख रुपये तक पहुंच गई है, बल्कि उन्होंने अपने साथ-साथ 17 से 18 अन्य लोगों को भी स्थायी रोजगार मुहैया कराया है। करीब दो साल पहले 2024 में उनका साढ़े सात लाख रुपये का ऋण पास हुआ, जिसके बाद उन्होंने बड़ा गांव चौराहे पर खुद की एक बड़ी यूनिट स्थापित की। भूरा ने बताया कि यह सदाबहार व्यापार है, हालांकि मौसम के अनुसार उत्पाद की मांग बदलती रहती है। गर्मियों के मौसम में जहां लस्सी के लिए बड़े कुल्हड़ की भारी मांग रहती है, वहीं सर्दियों में चाय के लिए छोटे कुल्हड़ की खपत बढ़ जाती है।

योजना से जुड़ने के बाद भूरा को नजीबाबाद में 8 से 10 दिन का विशेष प्रशिक्षण भी दिलाया गया। ट्रेनिंग में उन्हें माटीकला के उत्पादों से ज्यादा मुनाफा कमाने की कला सिखाई गई। विलुप्त हो रही कला संरक्षित करने को शुरू की गई योजना- यह योजना पारंपरिक कुम्हार समुदाय और माटी शिल्पकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने और विलुप्त हो रही कला को संरक्षित करने के लिए शुरू की गई है।

इसके तहत माटीकला से जुड़े व्यवसाय जैसे खिलौने, सजावटी सामान, बर्तन या टाइल्स बनाने के लिए 10 लाख रुपये तक का बैंक लोन दिया जाता है। सरकार इस पर 25 प्रतिशत की सब्सिडी देती है।

## ननिहाल आया मासूम स्कूली बस की चपेट में आया, मौत






कोतवाली क्षेत्र के गांव मेहंदीनगर में गुरुवार को ननिहाल आया ढाई साल का मासूम स्कूल बस की चपेट में आ गया, जिससे बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में ले लिया। मृतक के परिजनों ने पुलिस से कोई कार्रवाई न करने की बात कही। जिस पर पुलिस ने मासूम को परिजनों को सौंप दिया। दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों में कोहराम मचा है। थाना टांडा क्षेत्र के गांव वैजनी निवासी फैसल का ढाई वर्षीय पुत्र अवान अपनी मां के साथ गांव मेहंदीनगर स्थित ननिहाल आया हुआ था। गुरुवार दोपहर वह घर के बाहर खेल रहा था। इसी दौरान गांव फाजिलपुर स्थित शहीद ऊधमसिंह उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की बस बच्चों को छोड़ने के लिए मेहंदीनगर पहुंची। स्कूली बस से एक छात्र को उतारा जा रहा था।

इसी दौरान मासूम अवान बस के पास पहुंच गया। चालक ने आसपास देखे बिना बस आगे बढ़ा दी। जिससे अवान बस के पहिये के नीचे आ गया। हादसे में बालक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने बस को रोक लिया और चालक को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। सूचना मिलते ही कार्यवाहक कोतवाल महेश पाल सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने गांव जोधावाला निवासी चालक हरवंश को हिरासत में लिया है। मृतक बालक के परिजनों ने पुलिस कोई कार्रवाई न करने का आश्वासन दिया। जिस पर ने मृतक के शव परिजनों को सौंप दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। गांव में भी शोक का माहौल है।

## घर के बाहर खेल रहे मासूम को स्कूल बस ने रौंदा, मौत

स्वार (रामपुर)। क्षेत्र के भगवंतनगर के मजरा मेहंदीनगर गांव में बृहस्पतिवार दोपहर स्कूली बस की चपेट में आने से ढाई वर्षीय मासूम मोहम्मद आवान की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद चालक बस लेकर भागने का प्रयास करने लगा, लेकिन ग्रामीणों ने पीछा कर बस को रुकवा लिया। हालांकि चालक मौके से भाग गया। घटना से पूरे गांव में मातम छा गया, जबकि मासूम की मां और परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। थाना टांडा क्षेत्र के बैजनी गांव निवासी फैसल की ससुराल स्वार कोतवाली क्षेत्र के भगवंतनगर के मजरा मेहंदीनगर में है। उनकी पत्नी इन दिनों अपने मायके आई हुई थीं। बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे उनका ढाई वर्षीय बेटा मोहम्मद आवान घर के बाहर रास्ते पर खेल रहा था। इसी दौरान क्षेत्र के एक निजी विद्यालय की बस बच्चों को छोड़ने के लिए गांव पहुंची। आरोप है कि एक बच्चे को उतारने के बाद चालक ने बस आगे बढ़ा दी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, उसी समय रास्ते के किनारे खड़ा मोहम्मद आवान बस के पहिए की चपेट में आ गया। बस का पहिया उसके सिर के ऊपर से गुजर गया। मासूम की एक चीख निकली और उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद चालक बस लेकर वहां से निकलने लगा। आक्रोशित ग्रामीणों ने उसका पीछा किया और कुछ दूरी पर बस को रुकवा लिया। चालक बस छोड़कर मौके से भाग गया। सूचना मिलने पर कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू की, लेकिन परिजनों ने किसी प्रकार की कानूनी कार्रवाई न करने की इच्छा जताई। इसके बाद आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिया। मासूम की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, गांव में भी शोक का माहौल है। कुछ ही पलों में हंसते-खेलते बच्चे की मौत ने हर किसी की आंखें नम कर दीं। परिजन शव लेकर अपने गांव बैजनी चले गए, जहां शव पहुंचने पर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सीओ सोनम सिंह ने बताया कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची थी। परिजनों ने किसी भी प्रकार की कानूनी कार्रवाई से इन्कार किया है। आवश्यक पंचनामा की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## 24 घंटे में बालक समेत तीन लोगों को सांप ने डसा

शाहबाद। बारिश शुरू होते ही सांप निकलने की घटनाएं बढ़ने लगी हैं। शाहबाद क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में 24 घंटे के भीतर एक बालक समेत तीन लोगों को सांप ने डस लिया। परिजनों की सतर्कता और समय पर सीएचसी पहुंचने से तीनों की जान बच गई। बृहस्पतिवार सुबह हिम्मतपुर गांव निवासी किसान मोहम्मद रफीक खेत की मेड़ की सफाई कर रहे थे। इसी दौरान झाड़ियों में छिपा एक सांप उनके हाथ पर लिपट गया और उन्हें डंस लिया। घटना से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। परिजन बिना देर किए उन्हें सीएचसी लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने तुरंत एंटी स्नेक वेनम सहित आवश्यक उपचार शुरू किया। वहीं, बुधवार रात करेथी गांव निवासी रामपाल (60) को भी सांप ने डस लिया।

इससे पहले बुधवार दिन में अरहान (10) भी सर्पदंश का शिकार हो गया था। दोनों को भी परिजन तत्काल सीएचसी लेकर पहुंचे। समय पर इलाज मिलने से तीनों की जान बच गई। सांप के डसने पर क्या करें और क्या न करें शरीर के जिस हिस्से पर सांप ने डसा है, वहां कोई बंधन नहीं बांधना चाहिए। जिस स्थान पर सांप ने डसा है, वहां चाकू या ब्लेड से कट नहीं लगाना चाहिए। ऐसा करने से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता है। सांप के डंसने पर किसी झोलाछाप डॉक्टर, हकीम या जादू-टोना के चक्कर में न पड़ें। पीड़ित को तुरंत नजदीकी सरकारी अस्पताल ले जाकर एंटी स्नेक वेनम लगवाएं। सांप के डसने पर घबराना नहीं चाहिए। घबराहट में रक्तचाप बढ़ जाता है और शरीर में रक्त का संचार तेज हो जाता है, जिससे स्थिति गंभीर हो सकती है। -डॉ. मोहित रस्तोगी, सीएचसी अधीक्षक, यह बरतें सावधानी- बरसात के मौसम में खेत, मेड़, झाड़ियों और जलभराव वाले स्थानों पर काम करते समय सावधानी बरतें। खेतों में जाते समय ऊंचे जूते और पूरे शरीर को ढकने वाले कपड़े पहनें। रात के समय टॉर्च का प्रयोग करें और अंधेरे में बिना देखे हाथ-पैर न रखें। घर के आसपास झाड़ियां, कूड़ा और घास-फूस जमा न होने दें।

## ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह के दो सदस्य गिरफ्तार

मिलक (रामपुर)। थाना पुलिस और साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर देशभर के बेरोजगार युवाओं से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय साइबर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने बृहस्पतिवार सुबह खुटिया गांव के पास से बरेली निवासी दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से सात मोबाइल फोन, नौ एटीएम कार्ड, बैंक पासबुक, चेकबुक, सिम कार्ड और डायरी बरामद की है। पुलिस ने खुटिया गांव के निकट दो संदिग्धों को पकड़ लिया। पूछताछ में उन्होंने अपनी पहचान जिला बरेली के थाना शीशगढ़ के ग्राम गुलड़िया निवासी विकास गंगवार तथा थाना शीशगढ़ के ग्राम बीसलपुर निवासी राजीव के रूप में बताई। एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि पूछताछ में आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे फर्जी वेबसाइटों के जरिए बेरोजगार युवाओं को नौकरी का झांसा देते थे। सबसे पहले अभ्यर्थियों से उनका बायोडाटा मंगवाया जाता था। इसके बाद फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फर्जी इंटरव्यू लिया जाता था। नौकरी पक्की होने का भरोसा देकर दस्तावेज सत्यापन, प्रोसेसिंग फीस और अन्य शुल्क के नाम पर बैंक खातों में रकम जमा करा ली जाती थी। पैसा मिलने के बाद आरोपी संपर्क तोड़ देते थे। पुलिस ने विकास गंगवार के कब्जे से दो मोबाइल फोन, चार एटीएम कार्ड, एक बैंक पासबुक और एक चेकबुक बरामद की है।

वहीं, राजीव के कब्जे से पांच मोबाइल फोन, पांच एटीएम कार्ड, एक वीआई कंपनी का सिम कार्ड और एक डायरी बरामद हुई है। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के खिलाफ विभिन्न राज्यों से राष्ट्रीय साइबर अपराध समन्वय पोर्टल पर पहले से कई शिकायतें दर्ज हैं, जिनकी जांच की जा रही है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर न्यायालय में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। साथ ही उनके बैंक खातों, लेनदेन और गिरोह से जुड़े अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## कॅरिअर प्लेसमेंट वेबसाइट के जरिए करते थे ठगी

रामपुर। एसपी सोमेंद्र मीणा ने बताया कि आरोपी कॅरिअर प्लेसमेंट वेबसाइट के जरिए ठगी करते थे। इस वेबसाइट पर भर्ती के विज्ञापन जारी कर ऑनलाइन आवेदन लिए जाते थे। इसके बाद अभ्यर्थियों का फर्जी साक्षात्कार लिया जाता था और प्रमाणपत्रों के सत्यापन के नाम पर उनके खातों में रुपये जमा कराए जाते थे। उन्होंने बताया कि इस मामले में राष्ट्रीय साइबर अपराध समन्वय पोर्टल पर भी शिकायतें दर्ज कराई गई थीं।

### संक्षिप्त समाचार

## 4 राशन की दुकानों के अनुबंध निलंबित, 1 विक्रेता पर मुकदमा दर्ज

जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के निर्देश पर जिले में सार्वजनिक वितरण प्रणाली को पारदर्शी बनाए रखने को लेकर उचित दर दुकानों का सघन निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। जिला पूर्ति विभाग की टीम ने विभिन्न उचित दर दुकानों के औचक निरीक्षण किया, इस दौरान गंभीर अनियमितताएं पाए जाने पर चार उचित दर विक्रेताओं के अनुबंध निलंबित किए गए हैं, जबकि एक विक्रेता के एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिला पूर्ति अधिकारी पूरन सिंह चौहान ने बताया कि क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी किशोर कुमार, पूर्ति निरीक्षक मुख्यालय एवं नगर पालिका परिषद रामपुर द्वारा मोहल्ला ज्वाला नगर के उचित दर विक्रेता जुबैर अली खां की दुकान में निरीक्षण के दौरान भौतिक सत्यापन में ऑनलाइन स्टॉक की तुलना में 2.73 कुंतल गेहूं एवं 1.58 कुंतल चावल, कुल 4.31 कुंतल खाद्यान्न अधिक पाया गया। इस पर उनका अनुबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए 7 दिनों में स्पष्टीकरण तलब किया गया है। संबंधित कार्डधारकों को अर्चना कुमारी की उचित दर दुकान से संबद्ध कर दिया गया है। वहीं ग्राम अफजलपुर पट्टी, विकास खंड चमरौआ के उचित दर विक्रेता अतर सिंह की दुकान के निरीक्षण में 53.14 कुंतल गेहूं एवं 39.93 कुंतल चावल, कुल 93.07 कुंतल खाद्यान्न कम पाया गया। प्रथम दृष्टया कालाबाजारी पाए जाने पर उनके खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत एफआईआर दर्ज कराते हुए अनुबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। संबंधित कार्डधारकों को शोएब शकील, उचित दर विक्रेता ग्राम भमरौआ से संबद्ध किया गया है। पक्का पुल और चमरपुरा में की गई कार्रवाई क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी एवं पूर्ति निरीक्षक मुख्यालय द्वारा मोहल्ला पक्का पुल, पुराना गंज नगर पालिका परिषद रामपुर के उचित दर विक्रेता मोहम्मद रशीद खां के भौतिक सत्यापन में 22.78 कुंतल गेहूं एवं 18.53 कुंतल चावल, कुल 41.31 कुंतल खाद्यान्न कम पाया गया। गंभीर अनियमितताओं के चलते उनका अनुबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित करते हुए कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। 7 दिनों में स्पष्टीकरण देने के निर्देश दिए हैं। संबंधित कार्डधारकों को शबाना खान की उचित दर दुकान से संबद्ध कर दिया है। वहीं ग्राम पंचायत चमरपुरा, विकास खंड चमरौआ के उचित दर विक्रेता इफ्तेखार की दुकान में भौतिक सत्यापन में 1.64 कुंतल गेहूं एवं 1.53 कुंतल चावल, कुल 3.17 कुंतल खाद्यान्न कम पाया गया। इन गंभीर अनियमितताओं के आधार पर अनुबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। 2 सप्ताह के भीतर साक्ष्यों सहित स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि सार्वजनिक वितरण प्रणाली गरीब एवं पात्र परिवारों से सीधे जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण व्यवस्था है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता, कालाबाजारी अथवा शासन के निर्देशों की अवहेलना किसी भी परिस्थिति में स्वीकार नहीं की जाएगी।

## मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ हाईवे पर डिवाइडर से टकराकर पलटी बस, बाल-बाल बचे 100 यात्री

मुरादाबाद में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर देर रात एक बस डिवाइडर पर चढ़कर पलट गई, जिसमें करीब 100 यात्री सवार थे। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई।कटघर क्षेत्र में दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर गुरुवार की देर रात अनियंत्रित बस डिवाइडर पर



चढ़कर पलट गई। बस में करीब 100 यात्री सवार थे। इससे चीख पुकार मच गई। पुलिस ने पहुंचकर यात्रियों को बस निकाला। गनीमत रही कि किसी को गंभीर चोट नहीं आई। सभी यात्रियों को दूसरी बसों से दिल्ली के लिए भेजा। लखीमपुर से एक प्राइवेट बस करीब 100 यात्रियों को बैठाकर दिल्ली जा रही थी। गुरुवार देर रात करीब तीन बजे बस जैसे ही दिल्ली-लखनऊ नेशनल हाईवे पर नयागांव अंडरपास के ऊपर पहुंची तो अनियंत्रित होकर डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई। इसके बाद बस हाईवे पर पलट गई। इससे हाईवे पर जाम लग गया। हादसे के बाद चालक और परिचालक भाग गए। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंच गई। यात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। इसके बाद पुलिस ने क्रेन मंगाकर बस को हाईवे से हटवाया। तब जाकर यातायात सुचारु हो सका।

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001(उत्तर प्रदेश) से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा

मो. 9027776991

RNI NO- UPBIL/2021/83001

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

क्यूँ न लिखूँ सच समाचार पत्र में सभी पद अवैतनिक है

# अब किसान होंगे आर्थिक रूप से और मजबूत! बैंकिंग योजनाओं व डिजिटल सुरक्षा का मिला मंत्र, बरसेर रामनगर में वित्तीय साक्षरता शिविर



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। ग्राम बरसेर रामनगर में बैंक ऑफ बड़ौदा, सहकारी समिति एवं क्रिसिल फाउंडेशन द्वारा संचालित वित्तीय साक्षरता केंद्र (CFL) रामनगर के संयुक्त तत्वावधान में किसानों के लिए वित्तीय साक्षरता एवं जागरूकता शिविर आयोजित किया गया। शिविर में किसानों को केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा सुरक्षित डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक किया गया। क्रिसिल फाउंडेशन के सेंटर मैनेजर नरेश पाल ने किसानों को प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, किसान उत्पादक संगठन (FPO) और राष्ट्रीय पशुधन मिशन (NLM) सहित विभिन्न योजनाओं की पात्रता एवं लाभों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने डिजिटल बैंकिंग के दौरान सतर्क रहने की अपील करते हुए बताया कि किसी भी ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी की स्थिति में तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत करें तथा बैंकिंग संबंधी जानकारी और शिकायतों के लिए आरबीआई हेल्पलाइन 14448 का उपयोग करें। शिविर में किसानों को बैंक खाते, बीमा, पेंशन, बचत और सरकारी योजनाओं से जुड़ने के लिए प्रेरित किया गया। किसानों ने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए भविष्य में भी ऐसे जागरूकता शिविर आयोजित करने की मांग की। सेंटर मैनेजर नरेश पाल ने कहा कि वित्तीय साक्षरता का उद्देश्य प्रत्येक ग्रामीण परिवार को सुरक्षित बैंकिंग, नियमित बचत, बीमा सुरक्षा और सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाकर उन्हें आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर एवं सशक्त बनाना है

# दुष्कर्म के आरोपी जेठ को कोर्ट से नहीं मिली राहत,जमानत अर्जी खारिज

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। गर्भवती देवरानी से दुष्कर्म के गंभीर आरोप में जेल भेजे गए आरोपी जेठ को अदालत से राहत नहीं मिली। फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अशोक कुमार यादव ने आरोपी मो. आमिर की जमानत अर्जी खारिज कर दी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, थाना बारादरी क्षेत्र की पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि निकाह के बाद से उसका जेठ उस पर गलत नजर रखता था। इसके चलते वह अपने पति के साथ पीलीभीत बाईपास स्थित एक कॉलोनी में किराये पर रहने लगी, लेकिन कुछ समय बाद आरोपी भी अपनी पत्नी के साथ पड़ोस में रहने लगा। आरोप है कि 14 अप्रैल 2026 की रात करीब साढ़े आठ बजे आरोपी जबरन पीड़िता के कमरे में घुस गया और गर्भवती होने के बावजूद उसे जमीन पर गिराकर दुष्कर्म किया। मामले में आरोपी को जेल भेजा गया था। उसकी जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद फास्ट ट्रैक कोर्ट ने अपराध की गंभीरता को देखते हुए जमानत अर्जी खारिज कर दी।

# ध्रुव-प्रह्लाद की अटल भक्ति से गूंजा त्रिवटीनाथ मंदिर, कथा सुन भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। बाबा त्रिवटीनाथ मंदिर में चल रही संगीतमयी श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन वृंदावन से पधारे भागवताचार्य पं. सुरेश शास्त्री ने भक्त ध्रुव और भक्त प्रह्लाद की प्रेरणादायक कथाओं का वर्णन किया। उन्होंने कहा कि मां के संस्कारों से प्रेरित होकर ध्रुव ने कठोर तप कर भगवान विष्णु से ध्रुव पद प्राप्त किया, जबकि प्रह्लाद की अटूट भक्ति से प्रसन्न होकर भगवान नरसिंह खंभे से प्रकट हुए और हिरण्यकशिपु का संहार किया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा भवसागर से पार लगाने वाली अमृतमयी औषधि है, जबकि संसार नश्वर है, लेकिन मनुष्य की तृष्णा कभी समाप्त नहीं होती। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

# भुता पुलिस ने रिश्तेदार के घर चोरी करने वाले शातिर को दबोचा, तीन चोरी की बाइक बरामद

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। थाना भुता पुलिस ने दोपहिया वाहन चोरी की घटना का सफल खुलासा करते हुए एक शातिर चोर को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे और निशानदेही पर चोरी की तीन मोटरसाइकिलें बरामद की गई हैं। पुलिस के अनुसार 8 जुलाई को रूपापुर निवासी बुद्धसेन ने घर से मोटरसाइकिल और ?53,300 नकद चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। विवेचना के दौरान 9 जुलाई को बीसलपुर-भुता मार्ग पर चेकिंग के दौरान आरोपी जगवीर निवासी अंडूपुरा, थाना इज्जतनगर को चोरी की बाइक सहित गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में उसने दो अन्य बाइक चोरी करना भी स्वीकार किया, जिन्हें उसकी निशानदेही पर बरामद कर लिया गया। पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में कार्रवाई करते हुए उसे न्यायालय के समक्ष पेश किया।




# मीरगंज में धर्म परिवर्तन कराने की कोशिश नाकाम ,प्रचारक गिरफ्तार

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। थाना मीरगंज पुलिस ने धर्म परिवर्तन कराने के प्रयास के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार ग्राम सैजना में आयोजित एक सभा के दौरान आरोपी लोगों को कथित रूप से प्रलोभन देकर ईसाई धर्म अपनाने के लिए प्रेरित कर रहा था और धार्मिक प्रचार सामग्री वितरित कर रहा था। इस मामले में थाना मीरगंज में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी प्रेमपाल निवासी भुडासी, थाना शीशगढ़ को गिरफ्तार कर लिया। उसके कब्जे से छह धार्मिक पुस्तकें, एक हस्तलिखित नोटबुक और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया। पूछताछ में आरोपी ने स्वयं को ईसाई धर्म का प्रचारक बताया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।



# पासपोर्ट बनवाने की नई शुल्क दरें लागू, बुजुर्गों और बच्चों को 10 प्रतिशत छूट



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली।पासपोर्ट बनवाने की नई शुल्क दरें लागू हो गई हैं। लोगों को पासपोर्ट बनवाने के लिए अब अधिक शुल्क देना पड़ रहा है। हालांकि, बुजुर्गों और आठ वर्ष तक के बच्चों को इसमें दस फीसदी छूट दी जा रही है। पासपोर्ट खोने या क्षतिग्रस्त होने पर नया बनवाने के लिए भी जेब ढीली करनी पड़ रही है।

क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी शैलेंद्र सिंह के मुताबिक, बरेली क्षेत्रीय कार्यालय से बरेली, अमरोहा, बिजनौर, मुरादाबाद, संभल, रामपुर, बदायूं, कासगंज, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, पीलीभीत, शाहजहांपुर जिले संबद्ध हैं। बरेली में मुख्य कार्यालय समेत एक पासपोर्ट सेवा केंद्र, जबकि अन्य जिलों में डाकघर पासपोर्ट सेवा केंद्र हैं।

यहां नई दरों पर आवेदन स्वीकार किए जा रहे हैं। रोजाना करीब 14 सौ आवेदन होते हैं। पासपोर्ट अधिकारी ने बताया कि नई व्यवस्था में 36 पृष्ठ वाले पासपोर्ट के लिए शुल्क पांच हजार, तत्काल सेवा में 7,500 रुपये है, जबकि 60 पृष्ठ वाले पासपोर्ट के लिए क्रमशः छह हजार, 8,500 रुपये देने होंगे।

नए पासपोर्ट पर छूट, नवीनीकरण में नई दरें लागू- क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी के मुताबिक, आठ वर्ष तक के बच्चों और 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को नए पासपोर्ट आवेदन पर शुल्क में दस फीसदी की छूट मिलेगी, लेकिन यह छूट नवीनीकरण के मामलों में लागू नहीं होगी। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए 36 पृष्ठ वाले नए पासपोर्ट या नवीनीकरण का शुल्क 1,750 रुपये, तत्काल सेवा में 4,250 रुपये रहेगा। नाबालिग के खोए या क्षतिग्रस्त पासपोर्ट लेने के लिए सामान्य श्रेणी में 4,250 रुपये, जबकि तत्काल में 6,750 रुपये शुल्क है। नई शुल्क दरों पर ही पोर्टल पर आवेदन हो रहे हैं।

# बरेली में बरसी इंद्रदेव की कृपा, 143.6 मिमी हुई बारिश



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। राज्य में मानसूनी दस्तक के बाद भी कई दिन बरेली प्यास जरूर रहा मगर अब अब इंद्र कृपा जमकर बरस रही है। दो दिन से जारी झमाझम बारिश ने आसमानी राहत का पिछला कोटा पूरा कर दिया है। पारा नीचे आने से गर्मी से राहत मिली है। 1 जुलाई से अब तक जिले में 143.6 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को भी जिले में भारी बारिश का पूर्वानुमान जारी करते हुए ऑरेंज व शनिवार को येलो अलर्ट जारी किया है। इसके बाद मानसून के कमजोर पड़ने की संभावना है।

मौसम विभाग के अनुसार, बरेली इस समय में मानसून अच्छे से सक्रिय है। आंकड़ों में देखें तो गुरुवार सुबह तक बरेली में 59.6,आंवला में 53.8,बहेड़ी में 49.0, मीरगंज में 42.5, नवाबगंज में 42.0 और फरीदपुर में 17.0 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई। बरेली में 1 जुलाई से अब तक 143.6 मिली मीटर बारिश दर्ज की गई है। हालांकि बीते सालों की औसत बारिश के मुकाबले ये 11 मिली मीटर कम है। मौसम वैज्ञानिक डॉ. अतुल कुमार सिंह ने बताया कि मानसूनी द्रौणी उत्तर प्रदेश से होकर गुजर रही है, जो बंगाल की खाड़ी तक जा रही है। जिसकी वजह से नमी युक्त हवाएं बंगाल की खाड़ी से यूपी तक आ रही हैं। शुक्रवार को बरेली समेत आसपास के इलाकों के लिए बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। जबकि शनिवार को मानसून कमजोर पड़ने की वजह से बारिश में थोड़ी कमी आएगी हालांकि येलो अलर्ट जारी रहेगा। इसके बाद रविवार को कही जाकर मानसूनी सक्रियता पूरी तरह कमजोर पड़ने की संभावना है।

# हाई स्पीड इंजन चोरी का खुलासा, एक आरोपी गिरफ्तार, चोरी का इंजन बरामद



क्यूँ न लिखूँ सच/ शेर सिंह / भुता। थाना भुता पुलिस ने हाई स्पीड इंजन चोरी की घटना का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी किया गया इंजन बरामद कर लिया है। पीड़ित राजपाल निवासी मगरासा ने थाना भुता में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके घर से हाई स्पीड इंजन चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को ज्ञानचंद उर्फ ज्ञानी निवासी गोपालपुर, थाना क्यूलाडिया तथा अजय कुमार निवासी खिरकिया, थाना बीसलपुर (पीलीभीत) के नाम प्रकाश में आए। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने ज्ञानचंद उर्फ ज्ञानी को खरदाह तिराहा बीसलपुर मार्ग के पास से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान आरोपी की निशानदेही पर खरदाह तिराहे के पास बने एक खंडहर से चोरी किया गया हाई स्पीड इंजन बरामद कर लिया गया। पुलिस ने बरामदगी के बाद आरोपी के विरुद्ध आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूरी करते हुए उसे न्यायालय में पेश किया। पुलिस अन्य नामजद आरोपी की तलाश में जुटी हुई है।

# रिश्तेदार के घर से बाइक चोरी करने वाला चोर गिरफ्तार, तीन बाइक बरामद



क्यूँ न लिखूँ सच/ शेर सिंह / भुता। थाना भुता पुलिस ने चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर बीसलपुर की ओर से आ रहे एक युवक को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से तीन चोरी की बाइक बरामद की हैं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम जगबीर निवासी अड्डूपुरा, थाना इज्जतनगर बताया। उसने स्वीकार किया कि 2 जुलाई की रात रूपापुर पटना निवासी बुद्ध सेन के यहां आए रिश्तेदार के घर से बाइक चोरी की थी। इसके अलावा उसने थाना कुलड़िया क्षेत्र जुबैदा से एक तथा गंगापुर बाजार, थाना भुता क्षेत्र से एक अन्य बाइक चोरी करना भी कबूल किया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से यूपी-25 डीएफ-1640 सहित तीन चोरी की बाइक बरामद कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

प्रिय सुधि पाठको आप अपना यहाँ शुभकामना सन्देश (Birthday, anniversary, any kind of message) कम कीमत में विज्ञापन छपवाए - 9027776991

## संक्षिप्त समाचार

### किसानों को मिलेगा उच्च गुणवत्ता वाला आलू बीज और 25 हजार प्रति हेक्टेयर अनुदान, 15 जुलाई तक करें आवेदन

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। जनपद के आलू उत्पादक किसानों के लिए अच्छी खबर है। उद्यान विभाग ने विभागीय मूल्य पर उच्च गुणवत्ता वाले आलू बीज के वितरण के लिए किसानों से 15 जुलाई 2026 तक मांग पत्र आमंत्रित किए हैं। इच्छुक किसान जिला उद्यान अधिकारी कार्यालय, 100 फुटा रोड, डेलापीर, बरेली में आवेदन कर सकते हैं। विभाग के पास कुफरी बहार, कुफरी पुखराज, कुफरी सिंदूरी, कुफरी बादशाह, कुफरी आनंद, कुफरी सूर्या, कुफरी चिप्सोना-1, चिप्सोना-3, फ्राईसोना सहित कई उन्नत प्रजातियों के आलू बीज उपलब्ध हैं। इसके साथ ही आलू विकास नीति-2014 के तहत प्रसंस्करण प्रजातियों के बीज उत्पादन पर किसानों को ?25,000 प्रति हेक्टेयर तक अनुदान दिया जाएगा। इसके लिए बीज प्रमाणीकरण संस्था से पंजीकरण, निरीक्षण, ग्रेडिंग, पैकिंग और टैगिंग कराना अनिवार्य होगा। उद्यान विभाग ने किसानों से समय रहते आवेदन कर योजना का लाभ उठाने की अपील की है।

### भीम आर्मी के अतुल वाल्मीकि को पुलिस ने किया घर में नजर बंद



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। मेरठ की पीड़िता ललिता गौतम के परिवार से मिलने जा रहे सांसद एवं आज़ाद समाज पार्टी (कांशीराम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चन्द्रशेखर आज़ाद के कार्यक्रम से पूर्व बरेली में भीम आर्मी के नेता अतुल वाल्मीकि को बीती रात से उनके आवास पर पुलिस ने घर में ही नजर बंद कर उन्हें बाहर निकलने से रोक दिया है। अतुल वाल्मीकि ने बताया किसी भी नागरिक या सामाजिक कार्यकर्ता को बिना किसी स्पष्ट कानूनी आदेश के उसके घर में रोकना लोकतांत्रिक व्यवस्था और संविधान प्रदत्त मौलिक अधिकारों का उल्लंघन है। लोकतंत्र में अन्याय के विरुद्ध आवाज़ उठाना और पीड़ित परिवार के साथ खड़ा होना कोई अपराध नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि प्रशासन के पास कोई वैधानिक आदेश है तो उसे सार्वजनिक किया जाना चाहिए। बिना लिखित आदेश के किसी व्यक्ति की स्वतंत्र आवाजाही पर रोक लगाना उचित नहीं है ।

### शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार



क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। थाना कोतवाली पुलिस ने शादी का झांसा देकर युवती से दुष्कर्म करने के मामले में वांछित आरोपी ओमवीर मौर्य को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के खिलाफ पीड़िता की शिकायत पर बीएनएस की धारा 69 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने रोडवेज बस स्टैंड के पास से आरोपी को दबोच लिया। पूछताछ में आरोपी ने युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने की बात स्वीकार की। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर आगे की विधिक कार्रवाई शुरू कर दी।

### तीन साइबर ठगी करने वाले आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

क्यूँ न लिखूँ सच/ ब्यूरो / बरेली। साइबर थाना पुलिस ने कैंट सदर बाजार और बिथरी क्षेत्र के तीन साइबर ठगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। यह ठग असम, कर्नाटक, केरल आदि क्षेत्रों में लाखों रुपये की ठगी कर चुके हैं। बैंक एकाउंट से पैसे ट्रांसफर कर लेते थे। पुलिस ने आरोपी प्रशांत सिंह कैंट मोहल्ला गोकुलनगर नकटिया, विवेक जोशी सदर बाजार और बिथरी चैनपुर थाना क्षेत्र के रजऊ परसपुर निवासी अंकुश शर्मा को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। प्रशांत सिंह ने 2.50 लाख, विवेक जोशी ने दो लाख और अंकुश ने 5.80 लाख रुपये का संदिग्ध लेनदेन अपने बैंक एकाउंट में किया था। साइबर थाना और संबंधित थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में तीनों आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेजे गये।

# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करें - राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार




क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ विद्युत, स्वास्थ्य, कृषि, नमामि गंगे एवं शिक्षा विभाग को दिए विशेष निर्देश, जनहित के कार्यों में किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरतने की हिदायत उत्तर प्रदेश सरकार के गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग के मा0 राज्य मंत्री श्री संजय सिंह गंगवार ने विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत समीक्षा बैठक कर विभिन्न विभागों की प्रगति का गहन मूल्यांकन किया। बैठक में उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से पहुंचाना है। इसके लिए सभी अधिकारी पूर्ण जवाबदेही एवं संवेदनशीलता के साथ कार्य करें। मा0 मंत्री जी ने कहा कि विकास कार्यों की गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दास्त नहीं किया जाएगा। सभी परियोजनाएं निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण हों तथा अधिकारी नियमित रूप से स्थलीय निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का सत्यापन करें। जहां कार्यों की गति अपेक्षित नहीं है, वहां तत्काल प्रभावी कार्रवाई करते हुए प्रगति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित कर लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण किया जाए और शासन की मंशा के अनुरूप परिणाम धरातल पर स्पष्ट दिखाई देने चाहिए। विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुए मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिए कि जनपद में कहीं भी लो-वोल्टेज एवं ट्रिपिंग की समस्या नहीं होनी चाहिए। विद्युत आपूर्ति को निर्बाध एवं गुणवत्तापूर्ण बनाए रखने के लिए आवश्यक तकनीकी सुधार तत्काल किए जाएं, जिससे आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो। स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों पर सभी आवश्यक दवाओं की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि किसी भी मरीज को बाहर से दवा लिखने की नौबत नहीं आनी चाहिए तथा सरकारी अस्पतालों में बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं।कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि जनपद में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध है।

किसानों को खाद वितरण की व्यवस्था पूरी तरह सुचारु रहे तथा खाद केंद्रों पर पेयजल, छाया एवं अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं, ताकि किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

नमामि गंगे परियोजना की समीक्षा करते हुए राज्य मंत्री ने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जनपद में लगभग 170 किलोमीटर लंबित रोड रेस्टोरेशन कार्य को आगामी एक माह के भीतर शत-प्रतिशत पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन कार्यों के बाद सड़कों की मरम्मत में अनावश्यक विलंब किसी भी स्थिति में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। बेसिक शिक्षा विभाग की समीक्षा में उन्होंने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल चलो अभियान को और अधिक प्रभावी बनाया जाए। कोई भी पात्र बच्चा नामांकन से वंचित न रहे तथा शत-प्रतिशत बच्चों का विद्यालयों में नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। इस अवसर पर माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान, अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) राजीव राज, प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

# पांच सौ मीटर के फासले पर मां-बेटे के शव, जलाए चेहरे, 15 साल पहले जसराम और सीमा की शादी; डबल मर्डर की कहानी

मुरादाबाद में मां-बेटे की बेरहमी से हत्या कर दी गई। हत्या के बाद दोनों के चेहरे भी जला दिए गए। महिला का गला रेता गया जबकि किशोर को गला दबाकर मारा गया। दोनों के शव गन्ने के खेत में पांच सौ मीटर के फासले पर पड़े मिले हैं।मुरादाबाद के पाकबड़ा थाना इलाके में मां-बेटे की बड़ी ही बेरहमी के साथ हत्या कर दी गई। मौढ़ा तैय्या निवासी सीमा (30) का गला रेता गया जबकि उसके दस साल के बेटे अंकुश की हत्या गला दबाकर की गई है। सीमा का शव बुधवार को एक गन्ने के खेत में मिला था जबकि उसके बेटे की लाश बृहस्पतिवार को करीब पांच सौ मीटर के फासले पर दूसरे खेत से मिली। हत्यारों ने दोनों की पहचान छुपाने के लिए चेहरे जलाए थे मगर अंकुश का चेहरा कम जला था जिससे उसकी पहचान हो गई। पुलिस का कहना है कि सीमा अपने पति जसराम से विवाद के बाद पिछले दो साल से अपने बेटे अंकुश के साथ अलग रह रही थी। इस दोहरे हत्याकांड को प्रेम संबंध में अंजाम दिए जाने का शक है। पुलिस ने महिला के पति, देवर, चचेरे ससुर और महिला के एक परिचित को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।एसएसपी सतपाल अंतिल के मुताबिक, अमरोहा जिले के देहात थाना क्षेत्र के चककालीलेट निवासी किसान कल्लू सिंह का खेत पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मौढ़ा तैय्या गांव के पास है। बुधवार की सुबह करीब नौ बजे कल्लू सिंह के खेत में 30 वर्षीय एक महिला का शव मिला था। महिला की गला रेतकर हत्या की गई थी और उसके चेहरे को जलाया गया था।पुलिस मृतका की पहचान कराने में जुटी थी कि बृहस्पतिवार की दोपहर करीब 12 बजे चककालीलेट के ही प्रदीप कुमार के खेत में उनके गांव के वीरेंद्र खाद डालने गए थे। इसी दौरान वीरेंद्र ने एक बच्चे का शव पड़ा देखा। उसके शोर मचाने पर आस पड़ोस के लोग आ गए। चौबीस घंटे में पहले महिला फिर बच्चे की लाश मिलने की सूचना मिलते ही पुलिस अफसर मौके पर पहुंच गए।महिला की तरह की बच्चे के चेहरे को भी जलाया गया है। इसी दौरान मौढ़ा तैय्या गांव के लोग भी आ गए। उन्होंने बच्चे के शव की पहचान जसराम के बेटे के रूप में की। लेकिन पूरी तरह तस्दीक करने के लिए जसराम और उसके भाइयों को बुला लिया गया। जसराम ने पुलिस को बताया कि यह शव उसकी पत्नी और बेटे के हैं।पुलिस पूछताछ में पति ने बताया कि सीमा करीब दो साल से उससे अलग शेरुआ चौराहे के पास कौकरपुर गांव में रह रही थी। दोनों के बीच विवाद चल रहा था। उसकी पत्नी मौढ़ा तैय्या कब आई और किससे मिलने आई थी। उसे कोई जानकारी नहीं है।इसके अलावा पुलिस की जांच में यह भी बात सामने आई है कि पाकबड़ा क्षेत्र के फलैदा गांव निवासी एक युवक भी महिला के संपर्क में था। दोनों को कई बार एक साथ देखा गया था। पुलिस प्रेम संबंध, पति पत्नी के बीच विवाद गांव के ही एक परिवार से चल रहे विवाद के मामले की भी जांच पड़ताल कर रही है।एसपी सिटी कुमार रण विजय सिंह ने बताया कि महिला और बच्चे की पहचान हो गई है। कुछ लोगों से पूछताछ की जा रही है। जल्द ही दोहरे हत्याकांड का खुलासा किया जाएगा।15 साल पहले हुई थी जसराम और सीमा की शादी- पाकबड़ा थाना क्षेत्र के मौढ़ा तैय्या निवासी जसराम की शादी करीब 15 साल पहले गोरखपुर निवासी सीमा के साथ हुई थी। दंपती का एक दस साल का बेटा अंकुश था। जसराम ट्रक चालक है लेकिन कुछ समय से बीमार होने के कारण ट्रक नहीं चला रहा। दो साल पहले पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।एक बीघा जमीन बेचने पर पति-पत्नी में बढ़ गया था विवाद-मौढ़ा तैय्या निवासी पातीराम सैनी के पांच बेटे सोमपाल, जयराम, जसवंत, कुलवंत और जसराम हैं। जसराम के हिस्से में दो बीघा जमीन आई थी। करीब दो साल पहले जसराम की पत्नी सीमा ने एक बीघा जमीन बेच दी थी। जसराम ने इसका विरोध किया था तब पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि महिला बाकी बची एक बीघा जमीन भी बेचना चाहती थी।पहचान करने से बचते रहे जसराम के परिजन- सीमा करीब दो साल से अपने बेटे अंकुश को साथ लेकर गांव छोड़कर शेरुआ चौराहे के पास कौकरपुर में किराये के मकान में रह रही थी और फैक्टरी में काम करती थी। वह बीच बीच में अपने गांव आती थी लेकिन पति पत्नी में विवाद हो जाता था। जिस कारण वह चली जाती थी। सीमा की लाश बुधवार की सुबह गांव के ही पास मिली थी लेकिन परिवार के किसी भी व्यक्ति ने उसकी पहचान नहीं की हालांकि उसका चेहरा भी पूरी तरह जल चुका था।बृहस्पतिवार को बच्चे का शव मिला तो भी परिवार के लोग उसकी पहचान करने से बचते नजर आए। करीब तीन घंटे बाद गांव के एक व्यक्ति ने पुलिस को बताया कि शव जसराम के बेटे का है। पुलिस ने उसे बचाने का प्रयास किया लेकिन वह नहीं आया। इसके बाद पुलिस गांव पहुंची और जसराम को लेकर आकर आई। इसके बाद बच्चे की पहचान हुई।एक बीघा जमीन बेचने पर पति पत्नी में बढ़ गया था विवाद - मौढ़ा तैय्या निवासी पातीराम सैनी के पांच बेटे सोमपाल, जयराम, जसवंत, कुलवंत और जसराम हैं। जसराम के हिस्से में दो बीघा जमीन आई थी। करीब दो साल पहले जसराम की पत्नी सीमा ने एक बीघा जमीन बेच दी थी। जसराम ने इसका विरोध किया था तब पति पत्नी के बीच विवाद हुआ था। बताया जा रहा है कि महिला बाकी बची एक बीघा जमीन भी बेचना चाहती थी।महिला और बच्ची की हत्या में पुलिस ने लगा दी थी एफआर- 13 साल पहले मझोला के मंगूपुरा स्थित बंद फैक्टरी में 35 वर्षीय महिला और दस वर्षीय बच्ची के शव मिले थे। पोस्टमार्टम से पता चला था कि दोनों को गला घोंटकर मौत के घाट उतारा गया था। पुलिस और फॉरेंसिक टीम को जांच पड़ताल में हाईवे से फैक्टरी के पास से किसी वाहन से टायरों के निशान मिले थे। संभावना जताई गई थी कि महिला और बच्ची आपस में मां बेटी हो सकती हैं। पुलिस कातिलों को पकड़ना तो दूर मृतकाओं की पहचान भी नहीं करा पाई थी। घटना से दो साल बाद भी पुलिस ने मामले में एफआर लगा दी थी।





## संक्षिप्त समाचार

### एट थाने के दरोगा जितेंद्र कुमार ने शराब के क्वाटर पकड़े

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। कोंच सर्किल के थाना एट के प्रभारी शिवशंकर सिंह के निर्देशन में अवैध शराब पकड़ो अभियान चलाया जा रहा है इसी क्रम में एट थाने के दरोगा जितेंद्र कुमार कानून व्यवस्था के हिसाब से गस्त कर रहे थे तभी ग्राम हरदोई गूजर से एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा पुलिस को शक होने पर उसे पकड़ लिया जब उससे तलाशी ली तो उसके कब्जे से पुलिस ने 15 पन्द्रह देशी शराब के अवैध क्वाटर बरामद किये है नाम पता पुछे जाने पर उसने अपना नाम रोहित पुत्र श्याम बाबू निवासी ग्राम हरदोई गूजर बताया है पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा धारा 60 आबकारी अधिनियम में दर्ज कर उसका चालान कर दिया ।

### भाजपा के युवा नेता अभिलाष उमा जखोली ने स्वागत किया



क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ एट टोल प्लाजा पर संगठन मंत्री धर्म पाल सिंह का स्वागत किया कोंच(जालौन)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री धर्मपाल सिंह के जनपद जालौन आगमन को लेकर भारतीय जनता पार्टी के युवा नेता अभिलाष उमा जखोली ने अपनी टीम के साथ एट टोल प्लाजा पर जोरदार स्वागत सम्मान किया। इस अवसर पर राजेश निरंजन रज्जन जखोली विनय पाल मंडल अध्यक्ष एट उपेंद्र निरंजन अमन पटेल सहित कई पार्टी से जुड़े लोग मौजूद रहे।

### गंजबासौदा में जनकल्याण सबका हुआ आयोजन



क्यूँ न लिखूँ सच/ अनिल कुमार /गंजबासौदा /जनकल्याण शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में भारत सरकार के केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान उपस्थित रहे उन्होंने किसानों एवं स्थानीय जनता को अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारियां दी वर्तमान सरकार जनता के हित में ध्यान रख रही है हर समय साथ खड़ी है जनता को उन्होंने आश्वासन दिया है किसी भी प्रकार की कोई समस्या हो तो सरकार आपके साथ है, केंद्रीय मंत्री ने अनेक समस्याओं के समाधान भी निकले इस कार्यक्रम में विधायक हरि सिंह रघुवंशी नगर पालिका अध्यक्ष शशि यादव ,जनपद अध्यक्ष क्षेत्रीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच
को जिला एवं तहसील स्तर पर
ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन
प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पोल पर अटकी पतंग, लोहे के पाइप से उतारने में पोते को बिजली ने पकड़ा, बचाने गए दादा की मौत







खुर्जा कोतवाली क्षेत्र के बुर्ज उस्मान मोहल्ले में पोते को करंट से बचाने के चक्कर में दादा की मौत हो गई। वहीं, करंट की चपेट में आए पौते की हालत गंभीर है, जिसका अस्पताल में उपचार चल रहा है। घटना का वीडियो सामने आया है।खुर्जा कोतवाली क्षेत्र के बुर्ज उस्मान मोहल्ले में शुक्रवार सुबह एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई, जहां 12 वर्षीय पोते को बिजली के करंट से बचाने के प्रयास में दादा की जान चली गई। करंट की चपेट में आए पोते की हालत गंभीर बनी हुई है और उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। इस घटना का वीडियो भी सामने आया है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह 12 वर्षीय आहत अपने घर की छत पर पतंग उड़ा रहा था। इसी दौरान उसकी पतंग घर के बाहर से गुजर रही 11 हजार केवी क्षमता की विद्युत लाइन में अटक गई। पतंग को निकालने के लिए आहत ने लोहे के पाइप का इस्तेमाल किया। जैसे ही पाइप बिजली के तारों के संपर्क में आया, एक तेज करंट का धमाका हुआ और आहत उसकी चपेट में आ गया।दादा की जान बचाने की कोशिश- धमाके की आवाज सुनकर दादा इसरार (65 वर्ष ) तुरंत छत पर पहुंचे। अपने पोते को बचाने के प्रयास में उन्होंने जैसे ही उसे उठाने की कोशिश की, वे भी करंट की चपेट में आ गए। दोनों गंभीर रूप से झुलस गए।तत्काल, परिजनों द्वारा दोनों घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। चिकित्सकों ने गंभीर रूप से घायल इसरार को मृत घोषित कर दिया, जबकि बच्चे आहत का इलाज जारी है। बच्चे की हालत चिंताजनक बताई जा रही है।घटना की सूचना मिलते ही खुर्जा पुलिस और ऊर्जा निगम के कर्मचारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने घटना स्थल का मुआयना किया और मामले की गहन जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

## मासूम आरव हत्याकांड में बड़ा फैसला, बेरहम कातिल विराज को फांसी; सजा सुनते ही रो पड़ा



फिरोजाबाद की अदालत ने डेढ़ साल के मासूम आरव की निर्मम हत्या के दोषी विराज उर्फ जितेंद्र पाठक को फांसी की सजा सुनाई है। आरोपी ने 27 सेकंड के भीतर बच्चे को आठ बार जमीन पर पटककर उसकी हत्या कर दी थी। फिरोजाबाद के शिकोहाबाद की यादव कॉलोनी में 30 मई को दिनदहाड़े डेढ़ साल के मासूम आरव की बेरहमी से सड़क पर आठ बार पटक कर हत्या के आरोपी विराज उर्फ जितेंद्र पाठक निवासी शेखूपुर, सिविल लाइंस, बदायूं को जिला जज डा. बब्बू सारंग की अदालत ने शुक्रवार को फांसी की सजा सुनाई। इससे पहले बृहस्पतिवार को दोषी करार दिया था । सजा सुनते ही विराज रोने लगा। पुलिस अभिरक्षा में विराज उर्फ जितेंद्र पाठक को पुलिस दोपहर ढाई बजे करीब जेल से कोर्ट लेकर पहुंची थी।

यहां अभियोजन और बचाव पक्ष के सामने अदालत ने आरोपी को बच्चे की हत्या का दोषी करार दिया। अदालत ने कहा, अभियोजन की ओर से पेश किए गए साक्ष्य पूर्ण हैं। घटना बेहद जघन्य है। विराज को सजा का एलान होने के बाद पुलिस उसे वापस जेल ले गई। इस दौरान उसके चेहरे पर सजा का खौफ साफ था। इधर, मृतक आरव की नानी पिंकी देवी भी पहुंची थी। उन्होंने सजा पर खुशी जताई। यह हुई थी वारदात- शिकोहाबाद की यादव कॉलोनी में 30 मई की दोपहर विराज उर्फ जितेंद्र पाठक ने रिश्ते की भाभी रति से शादी करने की जिद पूरी न होने पर उसके डेढ़ साल के मासूम बेटे आरव को सड़क पर बेरहमी से आठ बार पटक-पटककर मार डाला था। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई थी। पुलिस ने मुठभेड़ के बाद आरोपी को गिरफ्तार देर रात ही गिरफ्तार कर लिया था। उसके दोनों पैरों में गोली लगी थी। मूल रूप से अरांव निवासी रति देवी की शादी फरवरी 2024 में बदायूं निवासी सुमित कुमार से हुई थी। पति से अनबन के कारण वह 5 महीने से मायके में रह रही थी। इसी का फायदा उठाकर सुमित के फुफेरे भाई विराज उर्फ जितेंद्र पाठक निवासी शेखूपुर, बदायूं ने रति को मदद के भरोसे में लेना शुरू कर दिया। इसके बाद रति के सामने शादी का प्रस्ताव रखा, जिसे रति ने ठुकरा दिया था। 30 मई को रति अपनी मां पिंकी देवी के साथ कानूनी राय लेने शिकोहाबाद आई थी। आरोपी विराज भी वहां पहुंच गया था। मासूम आरव को टॉफी दिलाने के बहाने बाहर ले गया था। घर से 50 मीटर दूर सुनसान सड़क पर उसने मासूम को 27 सेकंड के भीतर लगातार 8 बार पक्की सड़क पर पटका। बच्चे की मौत के बाद वह शव को दरवाजे पर फेंककर भाग गया था।

## फर्रुखाबाद में गंगा का जलस्तर तेजी से बढ़ा: नरौरा बांध से पानी छोड़े जाने के बाद प्रशासन अलर्ट

क्यूँ न लिखूँ सच/श्याम जी कश्यप/ फर्रुखाबाद में गंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण यह स्थिति बनी है। संभावित बाढ़ की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने तटीय क्षेत्रों में सतर्कता बढ़ा दी है और तैयारियां तेज कर दी हैं। पांचाल घाट पर पंडों ने भी अपना सामान सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाना शुरू कर दिया है। गुरुवार शाम 5 बजे नाविकों ने बताया कि पिछले दो दिनों में गंगा का जलस्तर लगभग 4 से 5 फीट बढ़ गया है। बुधवार को नरौरा बांध से लगभग 11 हजार क्यूसेक पानी छोड़े जाने के बाद गंगा का जलस्तर बढ़कर 134.50 मीटर से ऊपर पहुंच गया है, जिससे कई स्थानों पर कटान भी शुरू हो गई है। वहीं, रामगंगा नदी में खो बैराज से 200 क्यूसेक और रामनगर बांध से लगभग 100 क्यूसेक पानी छोड़ा गया है। हालांकि, रामगंगा का जलस्तर अभी भी निचले गेज पर बना हुआ है। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता दुर्ण कुमार ने बताया कि पहाड़ों पर लगातार बारिश और बांधों से पानी छोड़े जाने के कारण दोनों नदियों के जलस्तर में लगातार वृद्धि हो रही है। जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लठार ने बुधवार को अमृतपुर तहसील क्षेत्र के अंतर्गत कड़क्का बांध का निरीक्षण कर बाढ़ से निपटने की तैयारियों का जायजा लिया था। मालूम होकि प्रशासन द्वारा तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सिंचाई विभाग ने लगभग 12 करोड़ रुपये की लागत से चार संवेदनशील स्थानों पर परकोपाइन स्पर बनवाए हैं। बाढ़ की स्थिति पर 24 घंटे नजर रखने के लिए दो नियंत्रण कक्ष भी अभी से सक्रिय कर दिए गए हैं।



## संक्षिप्त समाचार

### मालन नदी उफान पर, पुल पर बहा पानी; बिजनौर-हरिद्वार मार्ग बंद, ट्रैफिक डायवर्ट

बिजनौर में लगातार बारिश के कारण मालन नदी उफान पर आ गई है। पुल के पास सड़क पर पानी बहने से बिजनौर-हरिद्वार मार्ग बंद कर ट्रैफिक डायवर्ट किया गया है। प्रशासन ने लोगों से अनावश्यक यात्रा से बचने की अपील की है। बिजनौर में लगातार बारिश के चलते मालन नदी उफान पर आ गई है। शुक्रवार को नदी का जलस्तर इतना बढ़ गया कि पुल के पास सड़क के ऊपर से पानी बहने लगा। सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन ने बिजनौर-हरिद्वार मार्ग पर यातायात पूरी तरह बंद कर दिया है और ट्रैफिक को वैकल्पिक मार्गों से डायवर्ट किया जा रहा है। पुलिस ने बैरियर लगाकर रोका यातायात- बिजनौर और मंडावर के बीच स्थित मालन नदी पुल के पास पानी सड़क पर आने के बाद पुलिस ने दोनों ओर बैरियर लगाकर वाहनों की आवाजाही रोक दी। हरिद्वार की ओर जाने वाले वाहनों को सुरक्षित वैकल्पिक मार्गों से भेजा जा रहा है। पहाड़ी क्षेत्रों की बारिश से बढ़ा जलस्तर- अधिकारियों के अनुसार, पहाड़ी क्षेत्रों में लगातार हो रही बारिश के कारण मालन नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ा है। इसके अलावा नजीबाबाद क्षेत्र में करीब 306 मिमी बारिश का पानी भी नदी में पहुंचने से स्थिति और गंभीर हो गई है। प्रशासन ने जारी की अपील- प्रशासन ने लोगों से बंद मार्गों से गुजरने की कोशिश न करने, अनावश्यक यात्रा से बचने तथा नदी और पुलों के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की है। अधिकारियों का कहना है कि जलस्तर सामान्य होने के बाद ही मार्ग दोबारा खोला जाएगा।



### विद्यालय का निरीक्षण किया,बच्चों को संस्कारित शिक्षा दे शिक्षक ई राजीव रेजा

क्यूँ न लिखूँ सच/राजेंद्र विश्वकर्मा/ कोंच(जालौन)। सरस्वती शिशु मंदिर महंत नगर बजरिया विद्यालय के प्रबंध कार्यकारिणी के सदस्य इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने विद्यालय का औचक निरीक्षण इस निरीक्षण में विद्यालय में सभी कक्षाएं सुचार रूप से संचालित होती मिली और विधार्थि यों की संख्या भी अच्छी थी इस अवसर पर इंजीनियर राजीव कुमार रेजा ने बताया है कि शिक्षकों को बच्चों को अच्छी संस्कारित शिक्षा देने का आग्रह किया गया है उन्होंने कहा कि बच्चों की पढ़ाई लिखाई में किसी तरह की लापरवाही नहीं होनी चाहिए इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य विविध श्रीवास्तव जी नीरज जी मौजूद रहे इस विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा जान्हवी का जन्म दिन था विद्यालय परिवार की ओर से पूर्व से तैयार रहने वाले जन्म दिवस प्रमाण पत्र छात्रा को देकर आशीर्वाद दिया एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के प्रचार-प्रसार हेतु पांच प्रचार वाहन रवाना

क्यूँ न लिखूँ सच/राजेंद्र विश्वकर्मा/ मा0 राज्य मंत्री, गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग विभाग, उत्तर प्रदेश श्री संजय सिंह गंगवार, माधौगढ़ विधायक मूलचंद निरंजन, जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय, पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी, जल शक्ति मंत्री के प्रतिनिधि अरविंद चौहान एवं प्रभागीय वनाधिकारी प्रदीप कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर वन विभाग के पांच प्रचार वाहनों को रवाना किया।ये प्रचार वाहन जनपद की सभी तहसीलों कालपी, कोंच, उरई, जालौन एवं माधौगढ़ में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे। प्रचार वाहनों के माध्यम से एक पेड़ मां के नाम एवं आम बहार आपके द्वार थीम पर पर्यावरण संरक्षण, पौधरोपण और पौधों की सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।प्रचार वाहनों से पर्यावरण से संबंधित गीतों, नारों और स्लोगन के माध्यम से लोगों को 12 जुलाई 2026 को वृहद वृक्षारोपण अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया जाएगा। इस दौरान आमजन से अपील की गई कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाए। मा0 राज्य मंत्री श्री संजय सिंह गंगवार ने कहा कि वृक्षारोपण केवल अभियान नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य का संकल्प है। सभी लोग मिलकर जनपद जालौन को हरित, स्वच्छ और पर्यावरण-संतुलित बनाने में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।



## कागजी विकास की खुली पोल: दो दिन की बारिश में शहर बना तालाब, मोहल्लेवासी जलभराव से बेहाल

क्यूँ न लिखूँ सच/श्याम जी कश्यप/ फर्रुखाबाद। नगर पालिका द्वारा विकास कार्यों के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन दो दिन की बारिश ने इन दावों की हकीकत सामने ला दी। शहर के कई प्रमुख मार्गों और मोहल्लों में जलभराव की स्थिति पैदा हो गई, जिससे लोगों का आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ। लाल गेट, घूमना बाजार, मदारबाड़ी, आईटीआई से पुलिया रोड तक कई स्थानों पर सड़कें पानी में डूबी दिखाई दीं। हालात ऐसे थे मानो सड़कों पर नदी बह रही हो। स्थानीय लोगों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जबकि कई स्थानों पर दोपहिया और चारपहिया वाहन भी पानी में फंसते नजर आए। स्थानीय लोगों का कहना है कि नगर पालिका हर वर्ष करोड़ों रुपये विकास कार्यों पर खर्च होने का दावा करती है, लेकिन पहली ही बारिश में जलनिकासी व्यवस्था की पोल खुल जाती है। सूत्रों के अनुसार, करोड़ों रुपये की लागत से बनाए गए कई नाले या तो गंदगी से पटे हुए हैं या उनकी नियमित सफाई नहीं होने के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है। नतीजतन नाले उफन रहे हैं और पानी सड़कों पर भर रहा है। लोगों का आरोप है कि यदि समय रहते नालों की सफाई और जलनिकासी व्यवस्था दुरुस्त की जाती, तो शहरवासियों को इस परेशानी का सामना नहीं करना पड़ता। अब नागरिकों ने नगर पालिका से स्थायी समाधान की मांग करते हुए बरसात से पहले जलनिकासी व्यवस्था को दुरुस्त करने की अपील की है।



## थाना इस्लामनगर पुलिस को मिली बड़ी सफलता

क्यूँ न लिखूँ सच/ एसएसपी अंकित शर्मा के आदेशानुसार व अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण बदायूँ के निर्देशन में तथा क्षेत्राधिकारी बिल्सी के पर्यवेक्षण मे एवं प्रभारी निरीक्षक थाना इस्लामनगर के नेतृत्व मे चलाये जा रहे संदिग्ध वाहनों की चैकिंग व वाहन चोरी की बरामदगी तथा अभियुक्तो की गिरफ्तारी के अभियान के अन्तर्गत रात्रि को थाना इस्लामनगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान समदनगर अलीनगर चौराहा पर 03 शातिर वाहन चोर 1.फूल सिंह उर्फ मोनू पुत्र कैलाश निवासी ग्राम स्यौहरा थाना जुनावई जिला सम्भल 2.मनवीर पुत्र चन्द्रपाल निवासी ग्राम पानीवाला थाना रजपुरा जिला सम्भल 3.आदित्य पुत्र श्रीपाल निवासी ग्राम मउकठेर थाना बहजोई जनपद सम्भल को 03 मोटरसाईकिल जिनको तीनो अभियुक्तगण चला कर ला रहे थे। पूछताछ पर 07 मोटरसाइकिल अभियुक्तगणो की निशादेही पर अल्लहैपुर से इस्लामनगर रोड पर स्थित खण्डहर गौशाला से बरामद की गयी । जो अभियुक्तगणो द्वारा अलग अलग स्थानो से चोरी की थी, जिनके सम्बन्ध में उनके मालिको के बारे मे गहनता से जाँच की जा रही है । इस सम्बन्ध मे थाना इस्लामनगर पर मु0अ0सं0 178/26 धारा 317(2)/317(4)/317(5) /318(4)/111 बीएनएस बनाम फूल सिह उर्फ मोनू आदि 03 नफर अभियुक्त पंजीकृत गिरफ्तार अभियुक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेश किया गया ।



## खेतों में जानवर चराने गए वृद्ध की सोता नाले में डूबने से मौत, अनाथ हुए 9 बच्चे; परिवार में मचा कोहराम

क्यूँ न लिखूँ सच/श्याम जी कश्यप/ फर्रुखाबाद (अमृतपुर)= थाना अमृतपुर क्षेत्र के ग्राम नगला खुशाली में शुक्रवार को एक दर्दनाक हादसा सामने आया है, जहाँ खेतों में जानवर चराने गए एक 60 वर्षीय वृद्ध की सोता नाले में डूबने से मौत हो गई। इस हादसे के बाद मृतक के परिवार में कोहराम मच गया है। मृतक अपने पीछे पत्नी और 9 बच्चों का भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं, जिनके सिर से अब पिता का साया हमेशा के लिए उठ गया है। पैर फिसलने से नाले में गिरे बेचेलाल- मिली जानकारी के अनुसार, नगला खुशाली निवासी बेचेलाल (60 वर्ष ) पुत्र मूंगालाल शुक्रवार सुबह करीब 11 बजे अपने जानवरों को चराने के लिए खेतों की तरफ गए थे। इसी दौरान सोता नाले के समीप अचानक उनका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी में समा गए। जब काफी देर तक बेचेलाल घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता हुई। मृतक के पुत्र मनोज ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि जानवर तो खेत में अकेले खड़े हैं, लेकिन पिता का कोई अता-पता नहीं है। 2 घंटे की खोजबीन के बाद मिला शव- पिता के लापता होने की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामीण सामूहिक रूप से तलाश में जुट गए। करीब दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद ग्रामीणों को सोता नाले में बेचेलाल का शव तैरता हुआ दिखाई दिया। ग्रामीणों ने तुरंत शव को नाले से बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (ष्ट।ष्ट) राजेपुर ले गए, जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। 9 बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, रो-रोकर बुरा हाल मृतक की पत्नी रजनी ने रोते हुए बताया कि उनके 9 बच्चे हैं। बेचेलाल ही पूरे परिवार के भरण-पोषण का मुख्य सहारा थे। उनकी अचानक मौत से बच्चों के भविष्य पर संकट के बादल मंडराने लगे हैं और पूरे कुनबे का रो-रोकर बुरा हाल है।



## भारतीय किसान यूनियन की कुरचौली यूनिट का गठन,विशुन दयाल कुशवाहा अध्यक्ष बने

क्यूँ न लिखूँ सच/ पवन कुमार/ कोंच(जालौन)। भारतीय किसान यूनियन टिकैत की एक बैठक ग्राम कुरचौली में हुई जिसमें मुख्य अतिथि तहसील अध्यक्ष चतुरसिंह पटेल मौजूद रहे इस बैठक में ग्राम यूनिट की कार्यकारिणी बनाई गई जिसमें यूनिट टीम का अध्यक्ष विशुन दयाल कुशवाहा को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है मुलायम सिंह को उपाध्यक्ष दुर्गाचरण कुशवाहा को कोषाध्यक्ष बनाया गया है महामंत्री का पद नरेंद्र कुशवाहा को दिया गया है किशुन लाल कुशवाहा को मंत्री पद का दायित्व दिया गया है उमेश कुशवाहा को ट्रेक्टर प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है समिति प्रमुख का पद सनमान सिंह कुशवाहा को मिला है जगराम शंखवार को तहसील प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है कार्यकारिणी सदस्य के रूप में कैलाश झा और छोटे लाल को रखा गया है इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष चतुरसिंह पटेल ने कहा कि नवीन कार्यकारिणी के पदाधिकारियों को बहुत बहुत बधाई उन्होंने कहा कि क्षेत्र में किसानों की समस्या से अवगत कराये ताकि किसानों की समस्याओं को जल्द निराकरण करा सके इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष अनुरुद्ध कुमार पटेल सहित कई किसान यूनियन से जुड़े लोग मौजूद रहे।



# Getting wet in the rain can cause skin infections, rashes, and itching. Keep these things in mind to avoid them.

Getting wet in the rain can cause skin infections, rashes, and itching due to contaminated water. Rainy weather brings relief from the heat, and people often get drenched while enjoying the rain or commuting to work. Water also accumulates on roads, causing wet feet. But did you know that this rainwater can cause skin infections? Yes, rainwater becomes contaminated by the time it reaches the ground due to dust, pollution, and germs. Therefore, staying wet for a long time significantly increases the risk of skin infections. Let's learn what you should keep in mind to avoid this during the rainy season. Take a bath immediately with clean water - After getting wet in the rain, take a bath as soon as you return home to completely wash away any dirty water and germs from your skin. Use soap when bathing and add antiseptic liquid to the bath water. Dry your body thoroughly - Staying in wet clothes for long periods of time can cause fungus and bacteria to grow rapidly on the skin. Therefore, it is very important to dry your body thoroughly during the rainy season, especially between the fingers, armpits, and around the thighs, to reduce the risk of fungal infections. Apply anti-fungal powder after bathing on the joints or areas of the body that sweat a lot. Change clothes promptly - Change your wet clothes immediately after getting wet. Wearing wet clothes for a long time can cause skin rashes and itching. Therefore, change wet clothes immediately and wear loose, cotton clothes during this season. Due to the humidity, this season feels hotter. Therefore, it is best to wear loose, cotton clothes to evaporate sweat. Take special care with undergarments during the rainy season. Ensure that your undergarments are completely dry. Wet clothes can cause infection. Special care for your feet: Stagnant water on the street is the first thing our feet come into contact with. This dirty water can cause fungal infections like athlete's foot. Therefore, if your feet get wet in stagnant rainwater, wash them with soap immediately after returning home and dry your shoes thoroughly. After washing, dry your feet thoroughly, paying special attention to between your toes.




# You'll forget the taste of kheer and rabri when you taste Bihar's famous Makuti; the recipe is also quite easy.

Makuti is a famous dish from Bihar, made with mung dal, milk, and rice. Do you know about Makuti, Bihar's famous sweet? Made with mung dal, milk, and rice, this dish looks like kheer, but its taste is quite different and royal. If you haven't tasted Makuti before, you should definitely try it. Let's learn the easy recipe for making Makuti. Makuti Recipe Makuti is a famous dish from Bihar, with a very royal taste. It is made with mung dal, rice, and milk. Total Time: 120 mins Preparation Time: 60 mins Cooking Time: 60 mins Course: Desserts Calories: 400 Servings: 2 Cuisine: Indian Makuti Recipe Ingredients: Moong dal - 1/2 cup Rice - 2 tbsp Full cream milk - 1.5 litres Sugar - 1 cup or as per taste Khoya - 1/2 cup Ghee - 2 tbsp Green cardamom powder - 1 tsp Saffron strands - 10-12 Dry fruits - 2 tbsp Method: Firstly, wash the moong dal and rice thoroughly and soak them in separate vessels for about 1 to 2 hours. After draining the water, grind the rice coarsely and keep it in a vessel. 2. Now heat a spoon of ghee in a pan, add the soaked moong dal and fry it on medium flame. Fry it till it starts giving out a fragrant aroma. 3- Now add some water to the roasted lentils and cook them in a pressure cooker for two whistles, so that the lentils become completely soft. 4- Once the lentils are cooked, let them cool and then grind them in a mixer to form a smooth paste. 5- Now, pour 1.5 liters of full-cream milk into a heavy-bottomed pan and bring it to a boil. Once the milk reaches a boil, reduce the heat and cook until it reduces to three-quarters of its volume. 6- Add the coarsely ground rice and mung dal paste to the thickened milk. Keep the heat on low and stir continuously to prevent lumps from forming. 7- Let it cook on low heat for 15-20 minutes, so that the rice and lentils are completely mixed with the milk and the makuti thickens. 8- When the mixture thickens, add the grated khoya, sugar, and saffron milk. Cook for another 5-7 minutes until the sugar dissolves. Finally, add cardamom powder and some chopped nuts, mix well, and turn off the heat. 9- You can eat it hot, but its true flavor comes when it cools down. Transfer the makuti to a clay pot or serving bowl, garnish with chopped pistachios and almonds. Place it in the refrigerator for 2 hours and then enjoy the chilled makuti.



# Mandala art isn't just for enhancing the beauty of walls; its color therapy magic will amaze you.

Today, mandala art has become so popular on social media that people are incorporating it into their home decor. This circular art, hung as a painting on the walls of homes, isn't modern; its roots are centuries old. Looking back at history, its connection has been traced back to the Rigveda. So, today we'll discuss mandala art and learn what's so special about this art form used today as a design. What is mandala art? Mandala is a Sanskrit word meaning circle or center. Don't mistake it for a simple painting, as it speaks of spirituality. That's why this art form holds a special place in Hinduism and Buddhism. The earliest example of a mandala in Hinduism is the Sri Yantra, while in Buddhism, the mandala is considered a symbol of meditation. What we today call mindfulness and meditation. This art begins with a single dot, and then several layers are created around it, then filled with color. In no time, this painting, which began as a single dot, takes on a larger form. Mandala art provides peace and tranquility - If you're seeking peace in this hectic life, mandala art can do this very well. Just as the universe has the capacity to contain everything, the lines drawn in mandala art also appear to converge at the center. Mental health benefits of mandala art - Mandala art has been used for years to treat mental health issues such as depression, anxiety, autism, and schizophrenia. Research has found that mandala painting can significantly reduce depressive moods and anxiety. The color therapy and design combination of this painting enhances visual sense and helps create a positive emotional connection. This allows a person to alleviate loneliness, pain, and mental stress. Painting allows them to release their inner emotions, stress, and inner confusion. Furthermore, through mindfulness, they become more self-aware.



